6 राज्य
2 केंद्रशासित प्रदेश
22 संस्करण
राजधानी
वर्ष 22 | अंक 255 | पृष्ठ : 20
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
सोमवार, 23 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2081

amarujala.com



**साधा निशाना** कांग्रेस और वामपंथियों ने त्रिपुरा को अंधकार दिया, हमने अधिकार...17

दिल्ली-एनसीआर

## क्रिकेट में बेटियों का दम

### अंडर-19 : पहली बार में ही बने एशिया कप चैंपियन



जीत का जश्न मनातीं बेटियां।

**क्वालालंपुर।** युवा बेटियों ने बांग्लादेश को 41 रन से हराकर पहली बार आयोजित अंडर-19 टी-20 एशिया कप का खिताब जीत लिया। पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम ने 117 रन बनाए और बांग्लादेश को 76 रन पर समेट दिया। 52 रन बनाने वाली गोंगडी त्रिशा प्लेयर ऑफ द फाइनल व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गईं।



जी. त्रिशा

### ...वहीं, सीनियर टीम की वनडे में दूसरी सबसे बड़ी जीत



**वडोदरा।** वेस्टइंडीज को 211 रन से हरा सीनियर टीम ने वनडे में अपनी दूसरी बड़ी जीत दर्ज की। रेणुका ने 5 विकेट लिए। >> स्पोर्ट्स

# पहाड़ों पर ठंड से जमे झरने...दिल्ली में आज बारिश के आसार

## राजधानी में कल और परसों घने कोहरे का अलर्ट


अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून/जम्मू।** कड़ाके की सर्दी के चलते पहाड़ों पर नदी, नाले, झरने जमने लगे हैं। वहीं, पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं के असर से मैदानों में भी ठंड ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। हिमालय क्षेत्र में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और ठिठुरन बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने मंगलवार व बुधवार के लिए घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

ठंड के चलते उत्तराखंड के चमोली की नीती घाटी में कई जगह झरने जमने लगे हैं। इससे पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पारा लगातार माइनस में चल रहा है। शनिवार रात का तापमान माइनस 4.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ठंड से डल झील आंशिक रूप से जमने लगा है। 27 व 28 दिसंबर को कुछ उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। >> पेज 16

### कोहरे से दृश्यता पर असर

दिल्ली में घने कोहरे के चलते रविवार सुबह साढ़े सात बजे तक सफदरजंग एयरपोर्ट पर दृश्यता 400 मीटर दर्ज की गई। वहीं, पालम में दृश्यता 600 मीटर रही। दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूसा में न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस रहा।







ठंड से चमोली की नीती घाटी में झरने जम गए हैं। यहां न्यूनतम पारा माइनस 11 डिग्री सेल्सियस तक चला गया है। इसके असर से उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली में सुबह घना कोहरा पड़ रहा है, जिसके चलते दृश्यता में गिरावट आई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, राजस्थान और पंजाब में तेज शीतलहर का अलर्ट है।

# भारत-कुवैत रणनीतिक साझेदारी की राह पर बढ़े, रक्षा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

## प्रधानमंत्री मोदी और अमीर शेख अल-सबा की मौजूदगी में चार अहम करारों पर हस्ताक्षर

**कुवैत सिटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दूसरे दिन भारत और कुवैत ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी स्तर तक पहुंचाने पर सहमति जताई। पीएम मोदी और कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के बीच बैठक में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने जल्द ही एक महत्वाकांक्षी निवेश संधि को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई।

दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में मौजूदा क्रेता-विक्रेता संबंधों को बदलकर सहयोग के साथ व्यापक स्तर पर कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस की खोज व उत्पादन के साथ ही उनके परिवहन-भंडारण व उनसे हजारों उत्पाद बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की। इसके अलावा भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व कार्यक्रम में कुवैत की भागीदारी की संभावना तलाशने पर भी सहमति जताई गई।

इससे पहले, शाही महल बायन पैलेस में पीएम मोदी का बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें कुवैत के सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर से नवाजा गया। पीएम को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। पीएम मोदी की कुवैत के प्रधानमंत्री हमद अल-अब्दुल्ला और क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा से भी मुलाकात हुई। क्राउन प्रिंस ने पीएम मोदी के सम्मान में भोज का आयोजन किया। एजेंसी

>> आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे भारत और कुवैत : पेज 18



### प्रधानमंत्री मोदी को कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल सबा ने कुवैत सिटी में पीएम मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर प्रदान किया। पीएम को यह सम्मान द्विपक्षीय रिश्ते मजबूत करने के लिए दिया गया। विभिन्न देशों की ओर से पीएम मोदी को दिया गया यह 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। उन्होंने इसे भारत के 1.4 अरब लोगों, कुवैत में बसे भारतीय समुदाय और भारत-कुवैत संबंधों को समर्पित किया है। एजेंसी

**देर रात दिल्ली पहुंचे मोदी...**प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय कुवैत दौरा समाप्त कर रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली लौट आए। दिल्ली पहुंचने पर पालम हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

### कुवैत के विजन में भारत की बड़ी भूमिका : अमीर

पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने कुवैत के विकास में विशाल एवं जीवंत भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। अमीर ने कुवैत विजन-2035 साकार करने की दिशा में भारत की बड़ी भूमिका की उम्मीद जताई। वहीं, मोदी ने अमीर को भारत आने का निमंत्रण दिया।

### रक्षा से संस्कृति तक हुए करार

- **रक्षा सहयोग :** प्रशिक्षण, कर्मियों-विशेषज्ञों को एक-दूसरे के यहां भेजना, साझा सैन्य अभ्यास, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, अनुसंधान व विकास।
- **सांस्कृतिक आदान-प्रदान :** 2025-2029 में कला, संगीत, नृत्य, साहित्य व रंगमंचीय आयोजन एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में मदद।
- **खेल क्षेत्र :** वर्ष 2025-2028 के बीच कार्यक्रम पर बनी सहमति के तहत स्पोर्ट्स लीडर्स की यात्राएं होंगी। खेल कार्यक्रमों में भागीदारी, खेल चिकित्सा, प्रबंधन, मीडिया, खेल विज्ञान में विशेषज्ञता का आदान-प्रदान होगा।
- **अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन** (आईएसए) का सदस्य बना कुवैत। यह गठबंधन सामूहिक रूप से सौर ऊर्जा के उपयोग के साथ सदस्य देशों को कम कार्बन उत्सर्जन के साथ विकास पथ पर बढ़ने में मदद करता है।

## तिब्बती बौद्ध विद्वान राचुंग को चीन ने साढ़े तीन साल बाद किया रिहा

**धर्मशाला।** प्रमुख तिब्बती बौद्ध विद्वान गेशे राचुंग गेंडुन को चीन ने करीब साढ़े तीन वर्ष बाद रिहा कर दिया। जेल में राचुंग की सेहत गंभीर रूप से बिगड़ चुकी है।



अमानवीय हालात में जेल में रखे जाने से बिगड़ी राचुंग की सेहत

सूत्रों के अनुसार, राचुंग को बेहद अमानवीय हालात में जेल में रखा गया। उन्हें परिवार से भी नहीं मिलने दिया गया। भिक्षु राचुंग को चीन के नगाबा काउंटी स्थित कीर्ति मठ से 1 अप्रैल, 2021 की रात गिरफ्तार किया गया था। महीनों तक उनका अता-पता नहीं चला। जुलाई, 2022 में खुलासा हुआ कि उन्हें तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा व भारत स्थित कीर्ति मठ के प्रमुख कीर्ति रिनपोछे को पैसे भेजने के आरोप में साढ़े तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई है। राचुंग तिब्बती बौद्ध धर्म की सर्वोच्च शैक्षणिक डिग्री गेशे की पढ़ाई कर रहे थे। उन्हें 1998 में भी हिरासत में लिया गया था। ब्यूरो

## एपिगेमिया के सह-संस्थापक रोहन की दिल के दौरे से मौत



**नई दिल्ली।** प्रमुख दही ब्रांड्स में शामिल एपिगेमिया के सह संस्थापक रोहन मीरचंदानी की 42 वर्ष की उम्र में हार्टअटैक से मौत हो गई। रोहन ने 2013 में ड्रम्स फूड इंटरनेशनल की नींव रखी थी, जो एपिगेमिया की मूल कंपनी है। >> पेज 17

## 71 हजार अभ्यर्थियों को आज मिलेगी नौकरी, पीएम मोदी सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 71 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को सोमवार को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। ये नवनियुक्त कर्मचारी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग समेत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सेवाएं देंगे। पीएम मोदी देशभर की 45 जगहों पर होने वाले रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान की सीख देंगे। ब्यूरो

## महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना के लिए पंजीकरण आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की ओर से घोषित मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि व संजीवनी योजना के लिए सोमवार से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। आप कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण कराएंगे। पहले दिन आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया व सीएम आतिशी इसकी शुरुआत करेंगे। केजरीवाल ने रविवार को कहा कि महिला सम्मान राशि के तहत पात्र महिलाओं के बैंक खातों में हर माह 2100 रुपये आएंगे। >> पेज 4

## डॉक्टर बोले, डल्लेवाल की हालत नाजुक

**पटियाला।** खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन के 27वें दिन किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक हो गई है। उनकी देखभाल के लिए किसान मोर्चा की ओर से तैनात डॉ. स्वयमान ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट में पंजाब सरकार की ओर से गलत रिपोर्ट सौंपकर डल्लेवाल को तंदुरुस्त बताया गया है। जबकि उनकी सेहत में लगातार गिरावट आ रही है। ब्यूरो

# लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर तोड़ करोड़ों की चोरी

## पुलिस चौकी से 150 मीटर दूर वारदात, दीवार काटकर भीतर घुसे

**लखनऊ।** इंडियन ओवरसीज बैंक की चिनहट शाखा से चोरों ने 42 लॉकर तोड़कर करोड़ों रुपये के जेवर व अन्य कीमती सामान पार कर दिया। मटियारी पुलिस चौकी से महज 150 मीटर दूरी पर शनिवार रात बैंक की दीवार में सेंध लगाकर वारदात को अंजाम दिया गया। बैंक के सीसीटीवी कैमरे में चार नकाबपोश चोर नजर आए हैं। चोरों ने दीवार में ढाई फीट चौड़ी सेंध लगाई थी।

दोपहर में बैंक से सटे अपने प्लॉट पर पहुंचे एक फर्नीचर दुकानदार ने सेंध देखकर पुलिस को सूचना दी। बैंक मैनेजर संदीप सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ताला खोलकर देखा, तो स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार कटी थी और 90 में से 42 लॉकर टूटे पड़े थे। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया गया। पुलिस की छह टीमें चोरों की तलाश में जुटी हैं। चोरों ने सिर्फ लॉकरों को ही तोड़ा। तिजोरी में रखे 12 लाख रुपये सुरक्षित मिले हैं। संवाद






वारदात के बाद बैंक के बाहर जुटे ग्राहक। (दाएं) दीवार में लगाई गई सेंध।

### साढ़े तीन घंटे तक बैंक में रहे चार नकाबपोश

विभूतिखंड के एसीपी राधारमण सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की जांच में पता चला कि 4 नकाबपोश रात 12:30 बजे बैंक में घुसे। साढ़े तीन घंटे तक बैंक में रहे और सुबह चार बजे सामान बटोर कर फरार हो गए।

**अलार्म सिस्टम का तार काटा**
पुलिस ने बताया कि चोरों ने बैंक में लगे अलार्म सिस्टम का तार काट दिया था। बैंक में बाहर की तरफ सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं।

# हैदराबाद में अभिनेता अल्लू अर्जुन के घर पर तोड़फोड़

## भगदड़ में मृत महिला के परिजनों को 1 करोड़ देने की मांग

**हैदराबाद।** तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास पर रविवार को प्रदर्शनकारियों ने तोड़-फोड़ की। उन्होंने अभिनेता के खिलाफ नारे लगाए और फिल्म 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के समय भगदड़ में मारी गई महिला के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की।

पुलिस ने छह प्रदर्शनकारियों पर मामला दर्ज किया है। दावा किया जा रहा है कि ये प्रदर्शनकारी उस्मानिया विश्वविद्यालय संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्य हैं। प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर लिखा था कि फिल्म बनाने से करोड़ों रुपये बनते हैं, जबकि फिल्म देखने वाले मर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के समय अल्लू अर्जुन घर पर नहीं थे। अभिनेता के घर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं सीएम रेवंत रेड्डी ने घटना की निंदा की है। इस बीच, अल्लू अर्जुन ने प्रशंसकों से अपील की कि वे संध्या थिएटर भगदड़ मामले में ऑनलाइन व ऑफलाइन किसी भी तरह की अभद्र भाषा का सहारा न लें। एजेंसी



तोड़फोड़ करते लोग।

**पिता ने कहा- हम संयम बरतेंगे, कानून अपना काम करेगा :** अल्लू अर्जुन के पिता और दिग्गज निर्माता अल्लू अरविंद ने कहा कि वह इस मामले में संयम बरतना चाहेंगे। उन्होंने मीडिया से कहा, आपने देखा कि हमारे घर के बाहर क्या हुआ। किसी को भी इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। हम इस पर प्रतिक्रिया नहीं करेंगे। कानून अपना काम करेगा।

# चंदौसी : खोदाई में 150 साल पुरानी तीन मंजिला बावड़ी और 4 कमरे मिले

## डीएम बोले, बावड़ी और बांकेबिहारी मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**चंदौसी (संभल)।** शहर के मुस्लिम बहुल लक्ष्मणगंज मोहल्ले में बांकेबिहारी मंदिर के पास जमीन में दबी 150 साल पुरानी बावड़ी मिली है। रविवार को खोदाई में तीन मंजिला बावड़ी में चार कमरे और सुरंग जैसा रास्ता भी नजर आया। अधिकारियों का कहना है कि बावड़ी की खोदाई सोमवार को भी जारी रहेगी।

प्रशासन और नगरपालिका की टीम ने सुबह बावड़ी के पास खोदाई शुरू कराई। इसके बाद सुरंग और कमरों का पता चला। इसकी सूचना पर संभल के डीएम राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई मौके पर पहुंचे। डीएम ने राजस्व टीम को मौके पर बुलाया और बावड़ी की जमीन का नक्शा देखा। उन्होंने बताया कि अभिलेखों में 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में बावड़ी तालाब के रूप में दर्ज है। यह बावड़ी बिलारी के राजा के नाना के समय की बताई जा रही है, जो लगभग 150 साल पुरानी है। संवाद

### समाधान दिवस में मिली थी बावड़ी की जानकारी

मोहल्ला लक्ष्मणगंज में कुछ दिन पहले ही खंडहरनुमा प्राचीन बांकेबिहारी मंदिर मिला था। इसके बाद सनातन सेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख कौशल किशोर वंदेमातरम ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेंद्र पैंसिया को पत्र देकर मोहल्ला लक्ष्मणगंज में मंदिर के पास बावड़ी होने का दावा किया था। इसके बाद डीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए एडीएम न्यायिक सतीश कुमार कुशवाहा और तहसीलदार धीरेंद्र सिंह को पालिका की टीम के साथ बावड़ी की तलाश के लिए एक भूखंड की खोदाई के आदेश दिए थे।



चंदौसी के लक्ष्मणगंज मोहल्ले में मिली बावड़ी। संवाद

### संगमरमर की बनी हैं बावड़ी की दो मंजिलें

डीएम ने बताया कि तीन मंजिला बावड़ी की दो मंजिलें संगमरमर, जबकि एक मंजिल ईंटों से बनी है। इसमें कूप भी हैं और चार कक्ष बने हैं। डीएम ने कहा कि जरूरत पड़ी तो पुरातत्व निदेशालय से इसका सर्वे कराने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बावड़ी के साथ मंदिर का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिससे लोग वहां पूजा-अर्चना कर सकें। इसके लिए अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।






## आज के कार्यक्रम

**प्रदर्शनी**

- **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** कमला देवी कॉम्प्लेक्स में सुबह 11 बजे से फादर एंड सन पेंटिंग प्रदर्शनी।
- **त्रिवेणी कला संगम :** श्रीधरनी गैलरी में शाम 4:30 बजे से स्कैच टू स्टोरी प्रदर्शनी लगेगी।

**नृत्य**

- **स्टीन ऑडिटोरियम :** शाम 7 बजे से शास्त्रीय नृत्य पर आधारित संध्या, प्रवेश निशुल्क।

**आपकी आवाज**
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

## दिल्ली की दुर्दशा के लिए आप व भाजपा जिम्मेदार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने एलजी के चुनाव से पहले किए गए निरीक्षण पर सवाल उठाया। उन्होंने इसे राजनीतिक कदम करार दिया। साथ ही, आरोप लगाया और दिल्ली की दुर्दशा के लिए आप की तरह भाजपा भी जिम्मेदार है। यादव ने कहा कि उपराज्यपाल का दौरा उस वक्त हुआ, जब चुनाव सिर पर हैं। इससे उनके इरादों पर सवाल उठता है। ब्यूरो

# रंगपुरी पहाड़ी : एलजी ने बताईं कमियां मुख्यमंत्री ने दिए ठीक करने के आदेश

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनावों से पहले रंगपुरी पहाड़ी पर भी सियासत गरमा गई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से इलाके का दौरा कर खस्ताहाल बुनियादी सुविधाओं पर सवाल उठाने के बाद रविवार को मुख्यमंत्री आतिशी इलाके में पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों को सभी समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया।

दरअसल, उपराज्यपाल ने शनिवार को स्थानीय सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ दौरा कर सोशल मीडिया पर बदतर हालात की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि यहां बुनियादी नागरिक सुविधाओं व सेवाओं का घोर अभाव है। एलजी ने केजरीवाल, आतिशी और संबंधित मंत्रियों से आग्रह किया कि वे इन क्षेत्रों का दौरा कर दयनीय स्थिति को सुधारने के तुरंत कदम उठाएं। इधर, इस दिशा में कदम उठाते हुए आतिशी रविवार को रंगपुरी पहाड़ी पहुंचीं तो लोगों ने उन्हें क्षेत्र में साफ-सफाई, नालियों के ओवरफ्लो व सड़कों की समस्याएं गिनाईं। आतिशी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

आतिशी के मुताबिक, वे एलजी का धन्यवाद करती हैं कि वे यहां आए और ध्यान आकर्षित किया। एलजी ने मुंडका इलाके में न्यू रोहतक रोड की टूटी सड़क के बारे में बताया था। अब एक तरफ की सड़क बन गई है। ग्रैप-4 हटते ही दूसरे हिस्से की भी सड़क बन जाएगी। वहीं, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि एलजी ने जो कमियां बताई हैं, उन्हें दूर करेंगे। एलजी नांगलोई-मुडंका रोड पर गए थे। उन्होंने कहा था कि वहां पर गड्ढे हैं, वह सड़क बननी शुरू हो गई है। थोड़े दिन में आतिशी उसका उद्घाटन भी करेंगी।



रंगपुरी पहाड़ी में लोगों से बातचीत करतीं मुख्यमंत्री आतिशी। अमर उजाला

### लोग नारकीय जीवन जी रहे : सचदेवा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली बदहाल है। सुंदर नगरी, रंगपुरी पहाड़ी, गोयला डेयरी, त्रिलोकपुरी, भलस्वा व छतरपुर तक हर तरफ झुग्गी बस्ती हो या अनधिकृत कॉलोनियां सब में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। एलजी की रंगपुरी पहाड़ी की बदहाली को दर्शाती सोशल मीडिया पोस्ट से घबराईं मुख्यमंत्री बिना किसी संबंधित अधिकारी को साथ लिए वहां गईं और आश्वासन देकर लौट आईं। दस साल से दिल्ली में आप सरकार है। जब उपराज्यपाल ने रंगपुरी की बदहाली को चर्चा का विषय बनाया तो आतिशी वहां जाकर 30 किलोमीटर दूर रोहतक रोड के सुधार की झूठी कहानी सुनाकर लोगों को फुसला रही हैं।

# यमुना पर रेलवे का नया पुल तैयार, ट्रेनों को मिलेगी रफ्तार

**दशकों के इंतजार के बाद लोहे के पुल के बराबर में निर्माणाधीन पुल पर ट्रैक बिछाने का काम अंतिम चरण में**

नवनीत शरण

**नई दिल्ली।** यमुना पर लोहे के पुराने पुल के बराबर में निर्माणाधीन नए पुल पर ट्रैक बिछाने का काम अंतिम चरण में है। एक महीने में इस पर ट्रेनों की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है।

पुरानी दिल्ली-गाजियाबाद को जोड़ने वाले इस पुल के चालू होने से सेक्शन पर ट्रेनों को रफ्तार मिलेगी। इससे हर साल यमुना की बाढ़ रेलवे ट्रैफिक की राह में बाधा नहीं बनेगी। नए पुल पर ट्रेन चलने से 150 साल पुराना लोहे का पुल इतिहास बन जाएगा। हालांकि, पुल के नीचे ट्रैफिक की आवाजाही होगी।

दरअसल, कई बाधाओं को पार कर रेलवे ने इस पुल का निर्माण पूरा करने में कामयाबी हासिल की है। पुराने पुल के बराबर ही नया पुल बनाने की योजना 1998 में तैयार की गई थी। वर्ष 2003 में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ। उस समय लागत करीब 137 करोड़ रुपये आंकी गई थी, लेकिन अड़चनों की वजह से निर्माण कार्य बीच-बीच में रुकता रहा। इसमें शुरुआती दौर में ही लालकिले के बगल में सलीमगढ़ का किला बाधा बन गया।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग ने आपत्ति जताई कि इस किले से होकर रेलवे लाइन गुजरने पर नुकसान होगा। इसके बाद 2011 में एक नई रिपोर्ट आई, जिसमें कहा गया कि ट्रैक किले को बाईपास कर बनेगा। फिर 2012 में एएसआई से इसकी मंजूरी मिली और पुल का निर्माण शुरू हुआ। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक बिछाने के साथ ही पुल की दोनों तरफ नए ट्रैक का निर्माण कर पुरानी रेलवे लाइन से जोड़ा जाएगा और सिग्नल सिस्टम के लिए इंटरलॉकिंग का काम पूरा होगा। इसके बाद लोहे के पुराने पुल को बंद कर दिया जाएगा।



रेलवे का नया निर्माणाधीन पुल। - जी पाल

**150** साल पुराना लोहे का पुल हो जाएगा इतिहास

**2012** में एएसआई से मंजूरी के बाद शुरू हुआ था काम

### 1866 में हुआ था निर्माण

ब्रिज नंबर 249 ऐतिहासिक पुल ही नहीं धरोहर भी है। 150 साल पुराना पुल से आज भी ट्रेन रफ्तार भरती हैं। 1866 में कोलकाता और दिल्ली को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए इसका निर्माण किया गया था। आज भी पुल से ट्रेन गुजरते ही यात्री यमुना में सिक्का फेंकना नहीं भूलते हैं।

### यमुना का जलस्तर मापने में भी उपयोगी

- यमुना में पानी के खतरे के स्तर को मापने का बिंदु भी पुराने पुल को माना जाता है। इसने भांप से चलने वाली ट्रेन के युग को भी देखा है साथ ही, डीजल फिर बिजली से चलने वाली ट्रेनों को भी देखा है। 'ब्रिजेस, बिल्डिंग्स एंड ब्लैक ब्यूटीज ऑफ नॉर्दर्न रेलवे' किताब में इसका जिक्र किया गया है।

### हर साल स्पीड कम हो जाती है

- यमुना में जलस्तर बढ़ने से पुल पर ट्रेनों की आवाजाही बंद कर दी जाती है। जलस्तर थोड़ा कम होने की स्थिति में रफ्तार कम की जाती है। अब नया पुल बनने से यमुना में पानी का स्तर बढ़ने पर भी ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित नहीं होगी। जलस्तर बढ़ने पर ईएमयू 15 किलोमीटर प्रतिघंटे, मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें 20 किलोमीटर प्रतिघंटे और मालगाड़ी 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती है। इससे ट्रेनों की लेटलतीफी बढ़ जाती है।
- **वाहन चलते रहेंगे :** पुराना लोहे का पुल दोमंजिला है। ऊपरी हिस्से पर ट्रेनों की आवाजाही होती है, जबकि नीचे वाहनों की आवाजाही रहती है। नया पुल बनने के बाद नीचे का हिस्सा वाहनों के लिए खुला रहेगा। गांधी नगर और चांदनी चौक के बीच छोटे वाहनों की आवाजाही निर्बाध रहेगी।

## नई दिल्ली समेत 20% इलाकों में पेयजल संकट

**नई दिल्ली।** वजीराबाद बैराज में अमोनिया का स्तर बढ़ गया है। इस कारण पानी को साफ करने से जल बोर्ड के वजीराबाद जल शोधक संयंत्र ने हाथ खड़े कर दिए है। इससे जल उत्पादन 25-50% तक प्रभावित हो गया है। लिहाजा नई दिल्ली समेत करीब 20% इलाकों में पेयजल संकट पैदा हो गया है। यमुना में अमोनिया के स्तर में सुधार होने तक प्रभावित क्षेत्रों में जल आपूर्ति कम दबाव पर होगी।

जल बोर्ड के अनुसार, यमुना में बढ़ता प्रदूषण आपूर्ति के लिए लगातार समस्या बन रहा है। वजीराबाद संयंत्र की क्षमता पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। एक बार फिर नदी में अमोनिया की मात्रा जल उपचार के लिए निर्धारित मानकों से अधिक हो गई है जिससे संयंत्र में शोधन प्रक्रिया बाधित हो गई है। इस संबंध में जल बोर्ड के अधिकारियों ने हरियाणा से संपर्क साधा है। माना जा रहा है कि हरियाणा से औद्योगिक कचरा डाले जाने पर अमोनिया बढ़ा है। ब्यूरो

# सांसों पर संकट, हवा फिर गंभीर श्रेणी में

**बुराड़ी, आनंद विहार समेत 26 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज**



इन्हें ग्रैप-4 से नहीं कोई मतलब... रविवार को दिल्ली की हवा गंभीर श्रेणी में रहने के बावजूद गीता कॉलोनी के पास दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी मलबा फेंकते और धूल उड़ाते दिखे। - विवेक निगम

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने से रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 409 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी है। इसमें शनिवार के मुकाबले 39 सूचकांक की वृद्धि हुई।

सुबह के समय धुंध के साथ स्मॉग की चादर छाई रही। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी हुई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार से हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। रविवार को हवा में परिवहन से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 13.085 फीसदी, कूड़ा जलने से 1.201 फीसदी, सड़कों की धूल के कारण 0.942 फीसदी व निर्माण कार्यों से होने वाली प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.857 फीसदी रही। बुराड़ी, आनंद विहार समेत 26 इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। इसके अलावा आठ इलाकों में एक्यूआई 300 के पार रहा। ब्यूरो

**तैयारी** 2026 तक दिल्ली की सड़कों से हटने वाली पुरानी बसों की संख्या 3775 तक पहुंच जाएगी


# 394 पुरानी बसें 31 तक सड़कों से हटेंगी

**नई दिल्ली।** राजधानी की सड़कों से पुरानी बसों के हटने का सिलसिला लगातार जारी है। लेकिन जिस हिसाब से सड़कों से बसें हट रही हैं, उस की तुलना में नई बसों की आमद नहीं हो रही है। इससे दिल्ली में बसों की कमी हो रही है।

इस साल अक्तूबर से 31 दिसंबर तक सड़कों से 394 बसें हट जाएंगी। अभी तक किसी तीन माह में बसों की घटने वाली ये सबसे बड़ी संख्या होगी। इस साल जनवरी से अभी तक 225 बसें घट चुकी हैं। यानी इस साल कुल मिलाकर सड़कों से डीटीसी की 619 बसें हट रही हैं। वहीं 2025 में बसों के सड़कों से हटने का ज्यादा दिखाई देगा असर, जब अगले साल सड़कों से डीटीसी की 2000 से अधिक बसें हट जाएंगी। जबकि 2026 तक इन दोनों सालों को मिलाकर सभी 3775 बसें हट जाएंगी। इस साल जुलाई के बाद नई बसों की आमद दिल्ली की सड़कों पर नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि मौजूदा समय में अगले साल विधानसभा चुनाव तक नई बसों के आने की कोई उम्मीद नही दिख रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में सड़कों पर बसों और कमी होने लगेगी। दूसरी तरफ दिल्ली सरकार के अनुसार जल्द ही 1080 मोहल्ला बसें सड़कों पर उतरने वाली हैं। इनमें से 150 बसें दिल्ली में आ चुकी हैं और मुख्यमंत्री इन बसों का निरीक्षण भी कर चुकी हैं, लेकिन यह बसें कब तक सड़कों पर उतरेंगी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। ब्यूरो

### रोजाना खराब हो रहीं पुरानी बसें

मौजूदा समय की बात करें तो दिल्ली की सड़कों पर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की 4,536 बसें सड़कों पर हैं। जिसमें 2,966 सीएनजी बसें और 1,570 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। जबकि दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-माडल ट्रांजिट सिस्टम (डिम्ट्स) द्वारा 3,147 बसें संचालित की जा रही हैं।जिसमें 2,747 सीएनजी और 400 इलेक्ट्रिक बसें हैं। इसमें इलेक्ट्रिक बसों को छोड़ दें तो पुरानी सीएनजी की बसें की अपनी उम्र सीमा पर कर चुकी हैं। ऐसे में रोजाना दिल्ली की सड़कों पर सीएनजी की 500 पुरानी बसें खराब हो रही हैं।



# द्वारका एक्सप्रेसवे पर ट्रक पलटा, चालक की मौत, हेल्पर घायल

**नई दिल्ली।** कापसहेड़ा इलाके के द्वारका एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक पलट गया। इसमें ट्रक चालक की मौत हो गई जब उसका हेल्पर घायल हो गया। वह बयान देने की हालत में नहीं है। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने से मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20 दिसंबर को देर रात 1.26 बजे कापसहेड़ा पुलिस को समालखा फार्म हाउस के पास द्वारका एक्सप्रेसवे पर एक सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। बताया गया कि एक ट्रक पलट गया है जिसमें आग लग गई है। ट्रक में उसका चालक और हेल्पर फंसा है। मौके पर पहुंचे पीसीआर कर्मियों ने घायल चालक और हेल्पर को बाहर निकालकर अस्पताल ले गए। डीडीयू अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया है। उसकी पहचान गांव अजीतपुर बदायूं यूपी निवासी मूलचंद (46) के रूप में हुई। वहीं गांव गलऊ हापुड़ निवासी रिहान का इंदिरा गांधी अस्पताल में इलाज चल रहा है। रिहान बयान देने की हालत में नहीं था। पुलिस ने मौके पर छानबीन करने के बाद लापरवाही से वाहन चलाने से मौत का मामला दर्ज कर लिया। ब्यूरो

## 227 लापता लोगों को परिजनों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बीते दिनों से घर गायब हुए और अपहरण किए गए 227 लोगों को खोजकर उनके परिजन तक पहुंचाया। इसमें 216 गायब या अपहृत हुए नाबालिग और 11 लापता वयस्क शामिल हैं।

नाबालिगों में से 150 लड़कियां और 66 लड़के शामिल हैं। बरामद किए गए कुल बच्चों में से 89 नाबालिग बच्चों को कई राज्यों से छापेमारी करके बरामद किया गया। अपहरण के मामलों के 38 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट मानव तस्करी खासतौर से बच्चों को अगवा किए जाने, उनके लापता होने या बाल मजदूरी के लिए बच्चों को दूर-दराज ले जाने और उनके यौन शोषण से संबंधित मामलों की जांच करती है। जबकि एएचटीयू द्वारा जांच किए जाने वाले मामलों की निगरानी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, डीसीपीसीआर व न्यायालय, और डीसीडब्ल्यू आदि सहित विभिन्न संस्थाओं न्यायालयों द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है। ब्यूरो

**अमर उजाला**


यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com






Punjab Land of Unlimited Opportunities

# भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब



## सरकार ने निभाया वादा

## 778 से ज़्यादा गिरफ़्तारियां

यदि कोई सरकारी कर्मचारी आपसे रिश्वत माँगता है तो मना न करें बल्कि उसकी बातचीत को रिकॉर्ड करें और उसकी ऑडियो/वीडियो बनाकर नीचे दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजें। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान व्यक्तिगत रूप से इस नंबर की निगरानी कर रहे हैं और आपकी शिकायत पर कार्यवाही करेंगे।

**एंटी-करप्शन एक्शन लाइन**

**9501-200-200**

यहां स्कैन करें

भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

"रंगला पंजाब बनाने का जो हमने सपना देखा था वह धीरे-धीरे पूरा हो रहा है। भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब बनाना ही हमारा ख़्वाब है। पंजाब में रिश्वत लेने वालों की अब ख़ैर नहीं।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# गंदा पानी बना जी का जंजाल, क्षेत्र में फैला बीमारियों का मकड़जाल

## अमर उजाला संवाद में वेस्ट विनोद नगर के निवासियों ने बताईं समस्याएं, कई लोग पीलिया के शिकार, बच्चे और बुजुर्ग अस्पताल में हैं भर्ती

संवाद न्यूज एजेंसी



अमर उजाला संवाद में समस्याएं बताते वेस्ट विनोद नगर के लोग। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर क्षेत्र के लोग गंदे पानी से परेशान हैं। अमर उजाला संवाद में लोगों ने कहा कि बी-ब्लॉक में रहने वाले लोगों के घरों में गंदा पानी आता है। इससे लोग बीमारियों से भी जूझ रहे हैं। कइयों को पीलिया की भी शिकायत है। बच्चे व बूढ़े अस्पतालों में भर्ती हैं। इतना ही नहीं, गलियों में फल-सब्जियों की रेहड़ी, खान-पीने के स्टॉल, अव्यवस्थित तरीके से लगे रिक्शे बाधा उत्पन्न करते हैं। इससे लोगों को निकलने में परेशानी होती है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस, विधायक या निगम पार्षद चाहें तो इस समस्या से छुटकारा दिला सकते हैं, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ये समस्या दूर हो जाए तो स्कूली बच्चों की वैन समेत कामकाज पर आने-जाने वाले लोगों को यहां से गुजरने में आसानी होगी। वेस्ट विनोद नगर के स्थानीय निवासियों ने रविवार को अमर उजाला संवाद में रोजमर्रा की समस्याओं पर खुलकर बात की। बताया कि इलाके में कहीं भी रोड सही-सलामत नहीं दिखाई देती है। सीवर, महिला सुरक्षा व साफ-सफाई की भी स्थिति खराब है। लोगों का आरोप है कि सात सालों से उन्हें पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। समस्याओं को लेकर विधायक ऑफिस जाने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। सीवर की समस्या के लिए उन्हें दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय में शिकायत करनी पड़ती है।

आरोप है कि विधायक स्तर का कार्य विधायक नहीं करते, निगम पार्षद भी अपने कार्यों से बचते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अंबेडकर पार्क और चिल्ड्रन पार्क में महिलाएं व बच्चे नशेड़ियों के कारण असुरक्षित महसूस करते हैं।

### लोग बोले



हमारे ब्लॉक के लोग गंदे पानी से परेशान हैं। नल में पानी कभी आता है। कभी कई दिनों तक आता ही नहीं है। इलाके में गंदगी भी बहुत है। नियमित सफाई भी नहीं होती है।
– जेपी बलोनी, स्थानीय निवासी




हम लोग ठेलों से बहुत परेशान हैं। यहां पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे रेहड़ी को जगह देकर अवैध कब्जा किया हुआ है। अतिक्रमण इतना अधिक है कि एक साथ दो गाड़ियां आवाजाही नहीं कर सकतीं।
–राम कुमार गर्ग, स्थानीय निवासी



पीने के पानी से हम वाकई में बहुत परेशान है। प्रशासन न जाने कैसे इससे बेखबर है। इलाके को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली गलियों में जगह-जगह अतिक्रमण रहता है। इससे लोगों को, खासकर बुजुर्ग व पैदल चलने वालों को परेशानी होती है।
–एमएस रावत, स्थानीय निवासी



इलाके के पार्कों की स्थिति बहुत खराब है। यहां युवा खुले-आम नशे करते हैं। इससे महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं। रात को बाहर जाने में डर लगता है। पूरा इलाका समस्याओं का अंबार है। व्यवस्था बहुत खराब है। – दिनेश चंद्र ध्यानी, स्थानीय निवासी



इलाके में जगह-जगह चुनाव से जुड़े पोस्टर लगने लगे हैं। लेकिन इनका हाल किसी को नजर नहीं आ रहा है। गंदे पानी की वजह से हमारे बच्चे दो-दो हफ्ते अस्पताल में भर्ती रहे। सफाई भी नहीं है।
– एनडी उनियाल, स्थानीय निवासी

## महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर इलाके में 19 साल की शादीशुदा महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। पहली पत्नी से बच्चा नहीं होने पर युवक ने उससे दूसरी शादी की थी। महिला के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20 दिसंबर को एम्स ट्रॉमा सेंटर से मालवीय नगर थाना को 19 साल की महिला को भर्ती कराए जाने की जानकारी मिली। पुलिस को पता चला कि 19 साल की महिला ने फंदा लगा लिया था। उसे उसका पति संदीप फंदे से उतार कर अस्पताल लाया था। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप ने बताया कि घटना के समय वह अपने भाई के बेटे को स्कूल लेने के लिए गया था। वापस आने पर उसने पत्नी को फंदे से लटका हुआ देखा। ब्यूरो

## अपराध संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** हर्ष विहार इलाके में सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त राम सिंह (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को आशंका है कि किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मारी है। मंडोली रोड सेवा धाम के पास सड़क हादसे की जानकारी मिली। पुलिस को पता चला कि घायल को स्थानीय लोग पास के अस्पताल लेकर गए हैं। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया है। ब्यूरो

### चोरी के मामले में भगोड़ा किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** डिफेंस कॉलोनी थाना पुलिस ने चोरी के मामले में भगोड़ा एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हुसैन आरिफ के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि पुलिस टीम भगोड़ा बदमाश की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को शालीमार गार्डन गाजियाबाद यूपी निवासी हुसैन आरिफ के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने तकनीकी जांच की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

### लैपटॉप और मोबाइल लूटने वाले दो धरे

**नई दिल्ली।** बवाना थाना पुलिस ने लैपटॉप व मोबाइल फोन लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पुलिस ने लूटे हुए लैपटॉप व दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बदमाशों की पहचान कुबेर और चांद के रूप में हुई है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि 20 दिसंबर को एक युवक से बैग लूटने की शिकायत मिली। पीड़ित केशव कुमार से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने करीब 35 सीसीटीवी कैमरे की जांच करने के बाद दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। कुबेर नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने का घोषित बदमाश है। ब्यूरो

### साइड मांगने पर चाकू मारकर किया घायल

**नई दिल्ली।** सीलमपुर इलाके में शनिवार रात साइड मांगने पर सड़क पर झगड़ा कर रहे एक युवक ने ऑटो में सवार एक यात्री के सिर में चाकू मार दिया। यात्री को पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। यात्री की शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। घायल की पहचान करतार नगर निवासी दीपक (32) के रूप में हुई है। पुलिस को शनिवार रात 11.30 बजे धरमपुरा लाल बत्ती पर एक ऑटो सवार को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। ब्यूरो

# मादक पदार्थों के चंगुल में फंसी दिल्ली के युवाओं की जिंदगी

## मादक पदार्थों की खपत खतरनाक स्तर पर पहुंची, बीते साल की तुलना में कई गुना बढ़ोतरी

राजीव कुमार

**नई दिल्ली।** राजधानी में मादक पदार्थों की खपत खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। यह आसानी से उपलब्ध होने के कारण युवा ही नहीं, बच्चे भी नशे के शिकार हो रहे हैं। दिल्ली पुलिस के आंकड़े भी बताते हैं कि इस साल कोकीन, हेरोइन और गांजा की तस्करी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक, इस साल पुलिस ने मादक द्रव्य की तस्करी में लिप्त 1520 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनसे 73.3 किलो हेरोइन व स्मैक, 1293.3 किलो कोकीन, 4257.3 किलो गांजा, 103.7 किलो अफीम, 50.5 किलो चरस व 80.5 किलो खसखस बरामद किया गया है। इसमें चौकाने वाली बात यह है कि पिछले साल की तुलना में कोकीन की तस्करी में 85 गुणा की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, हेरोइन की तस्करी में 14.8 फीसदी और गांजा की तस्करी में 49.07 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।



जब्त ड्रग्स

राजधानी में नशीले पदार्थ की खपत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली पुलिस ने हाल ही में हजारों करोड़ रुपये कीमत की कोकीन और गांजा बरामद किया है।

पुलिस ने 562 किलोग्राम कोकीन जिसकी कीमत 5,620 करोड़ और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया था, जिसकी कीमत 200 करोड़ रुपये हैं। इसके अलावा पुलिस कई बड़ी खेप बरामद कर चुकी है। पुलिस राजधानी में सक्रिय ड्रग्स तस्करों व आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ अभियान चला रही है। दिल्ली पुलिस इनसे न केवल मादक पदार्थ को जब्त कर रही है, बल्कि प्रतिदिन सक्रिय तस्करों और सप्लायरों को गिरफ्तार कर रही है।

### नशा सप्लायरों पर कड़ी कार्रवाई

पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस मादक द्रव्य के बड़े सप्लायरों के वित्तीय जांच कर रही है। इस साल पुलिस ने छह बड़े सप्लायरों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिट एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई करके सक्रिय तस्करों के नेटवर्क को नष्ट कर रही है। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स और जिला पुलिस कई अन्य ड्रग्स तस्करों के खिलाफ भी एनडीपीएस प्रस्ताव तैयार कर रही है। पुलिस ने जिन सप्लायरों के खिलाफ कार्रवाई की है, इनके करोड़ों की संपत्ति को जब्त करने के आदेश दिए हैं।

### ड्रग्स के खतरे से बचाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट

पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस दिसंबर में ड्रग्स के खिलाफ पायलट प्रोजेक्ट चला रही है। इसका मकसद दिल्ली में युवाओं और बच्चों को ड्रग्स के खतरे से बचाना है। इसके तहत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के साथ साथ समाज के सभी वर्गों से जागरूकता पैदा करना है।

### 2027 तक दिल्ली को नशा मुक्त करने का लक्ष्य

दिल्ली पुलिस एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के विशेष आयुक्त देवेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस 2027 तक दिल्ली को नशा मुक्ति करने का लक्ष्य है। दिल्ली पुलिस ने मादक द्रव्य तस्करी के खिलाफ दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट चला रही है। इसके तहत नारकोटिक्स टास्क फोर्स जिला पुलिस और जनता की मदद से नशा के खिलाफ अभियान चला चला रही है।

# टी-20 पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के दस धरे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऑस्ट्रेलिया के बिग ब्लैश टी-20 लीग पर सट्टा लगाने वाले गिरोह को पकड़ा है। इसमें 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अलग-अलग राज्यों के रहने वाले हैं जो गिरोह बनाकर सट्टेबाजी कर रहे थे। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से सट्टा लगाते थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दिल्ली के करोल बाग निवासी राजू वैष्णव, अजय कुमार, जाग्रत सैहनी उर्फ सनी व परवेस कुमार, दिल्ली के कमला नगर निवासी योगेश तनेजा, यूपी के आगरा निवासी तरुण खन्ना व रविंदर देयोल उर्फ हैप्पी, राजस्थान के जयपुर निवासी मनीष जैन, राजस्थान के पाली निवासी कुशल और गौतम दास हैं। इनके कब्जे से पांच लैपटॉप, 14 मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया है।

पुलिस को आरोपी राजू के बारे में सूचना मिली कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर सट्टा चला रहा है। जब कार्रवाई की गई तो पता चला कि ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट की टी-20 बिग ब्लैश लीग 2024-2025 (बीबीएल) चल रही है, जिसपर सट्टा लगाया जा रहा है। उसके बाद पुलिस टीम ने करोल बाग के जोशी रोड पर एक फ्लैट में छापेमारी कर आरोपी राजू वैष्णव समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में यह पता चला कि बिग ब्लैश लीग 2024-2025 का 7वां टी-20 क्रिकेट मैच होबार्ट हरिकेंस और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच सुबह साढ़े दस बजे खेला गया था जिस पर आरोपियों ने सट्टा लगाया था।

### दो तरह से लगाया जा रहा था सट्टा

पूछताछ में पता चला कि आरोपी दो तरह से सट्टा लगा रहे थे। एक मुख्य आरोपी राजू वैष्णव के सहयोगियों में से जागृत उर्फ सनी ने जेएमडी स्पोर्ट्स डॉट कॉम, (सट्टेबाजी वेबसाइट) की एक मास्टर आईडी खरीदी है। इस आईडी में उसने एक सुपर मास्टर आईडी बनाई है और वे लाइव मैचों पर दाव लगाने के लिए फंटर्स को आईडी बेच रहा था। जबकि दूसरा ये ऑफलाइन भी सट्टा लगा रहे थे। सट्टा लगाने वाले लोगों के दाव को नोटपैड पर नोट कर भाव के अनुसार लाइव मैचों पर अपनी भविष्यवाणी कर सट्टा लगाते थे। राजू ने 45000 रुपये पर किराए पर फ्लैट लिया था।

# पर्वतीय क्षेत्र को 5वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए प्रदर्शन



पर्वतीय क्षेत्र को 5वीं अनुसूची में शामिल करने को प्रदर्शन करते हुए। अमर उजाला

संवाद न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र घोषित कर संविधान की 5वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की को लेकर उत्तराखंड के मूल निवासियों ने उत्तराखंड एकता मंच के बैनर तले जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर व तख्तियां लिए एकत्रित हुए।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति में रोजगार के अभाव, वर्षा पर आधारित खेती जैसे कई कारणों से व्यापक स्तर पर पलायन हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि इससे कई गांव में लोगों की संख्या शून्य हो गई हैं। उत्तराखंड एकता मंच के संयोजक अनूप बिष्ट ने कहा कि रोजगार की तलाश में पैतृक घर, गांव व अन्य सब कुछ छोड़कर शहरों में चले गए। पहाड़ी लोगों की शुरुआती अवधारणा थी कि वे एक दिन पहाड़ जरूर लौटेंगे। लेकिन, ऐसा बहुत कम हो पाया।

### उत्तराखंड के लोगों ने कहा, पलायन से कई गांव में लोगों की संख्या शून्य हुई

प्रवासियों में से ज्यादातर लोग वर्षों तक अपने गांव वापस नहीं जा पाते हैं। जिससे पहाड़ के हजारों गांव निर्जन हो गए हैं। यदि पहाड़ में 5वीं अनुसूची लागू होती है तो शहरों में रह रहे पहाड़ी रोजगार के साथ घर वापसी करेंगे। 1972 से पहले पहाड़ में 5वीं अनुसूची, शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1874 व नॉन-रेगुलेशन सिस्टम लागू था।

## जामा मस्जिद क्षेत्र में छिपा था ठगी का आरोपी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जम्मू कश्मीर में ठगी के कई मामलों में शामिल आरोपी बिलाल अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मध्य दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में छिपा हुआ था। जांच में पता चला है कि आरोपी बैंक से लोन दिलाने के नाम पर अर्धसैनिक बलों के अधिकारी और कर्मचारियों से ठगी करता था। आरोपी पर जम्मू कश्मीर में ठगी के 14 मामले दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ 13 दिसंबर को अनंतनाग के जिला मजिस्ट्रेट की ओर से हिरासत आदेश भी जारी किया गया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि आरोपी बिलाल जामा मस्जिद क्षेत्र में छिपा हुआ है। शनिवार को ने जामा मस्जिद क्षेत्र में और उसके आसपास जाल बिछाया और गहन तलाशी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी जम्मू-कश्मीर के जिला कुपवाड़ा का रहने वाला है। उसने वहां पर बड़ी संख्या में लोगों को वाहन खरीदने के लिए लोन दिलाने के बहाने ठगा था। वह जम्मू और आसपास के इलाके में तैनात अर्धसैनिक बलों के जवानों को निशाना बनाता था। ब्यूरो

# लापता तलाकशुदा महिला का शव होटल में मिला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज पार्क इलाके से करीब एक सप्ताह पहले गायब हुई 28 साल की तलाकशुदा महिला की पश्चिम विहार स्थित एक होटल में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। महिला की पहचान काजल के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि होटल के कमरे को उसके दोस्त जोधपुर निवासी सुरेंद्र ने बुक करवाया था। उसका शव 15 दिसंबर की शाम गुरुग्राम के पटौदी इलाके में रेलवे ट्रैक पर मिला। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

महिला के मौत का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। काजल अपने परिजनों के साथ मंगोलपुरी आर ब्लॉक में रहती थी। परिवार में मां, तीन भाई और दो बहनें हैं। काजल का सात साल का बेटा है। परिवार वालों ने बताया कि काजल की 2014 में जोधपुर राजस्थान के रहने वाले रवि से शादी हुई थी। 2022 में उनका तलाक हो गया। काजल निजी कंपनी में काम करती थी। इसी दौरान एक युवक सुरेंद्र से उसकी दोस्ती हो गई। घटना से एक माह पहले उसका सुरेंद्र से झगड़ा हो गया। उसके बाद वह मंगोलपुरी इलाके में अपनी मां के पास आ गई।

### होटल में कमरा बुक करवाने वाले दोस्त का गुरुग्राम में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

परिवार वालों के मुताबिक साक्षी नाम की उसकी सहेली ने 14 दिसंबर को उसको फोन कर अपने बच्चे के जन्मदिन पर बुलाया। उसके बाद से काजल लापता हो गई। परिवार वालों ने 16 दिसंबर को मंगोलपुरी थाने में गुमशुदगी की शिकायत की। 17 दिसंबर को काजल का शव पश्चिम विहार स्थित एक होटल से मिला। हालांकि परिवार वालों ने काजल के गले और चेहरे पर निशान होने की बात कही है।

पता चला कि काजल के दोस्त सुरेंद्र ने पश्चिम विहार स्थित होटल बुक किया था। जहां 14 दिसंबर की देर रात काजल पहुंची थी। अगले दिन सुबह में सुरेंद्र वहां से चला गया। सुरेंद्र के नहीं आने पर 17 दिसंबर को होटल कर्मियों ने पुलिस को कमरे का दरवाजा नहीं खुलने की शिकायत की। पुलिस को कमरे से काजल का शव मिला। पुलिस को 15 दिसंबर की शाम गुरुग्राम में रेलवे ट्रैक पर सुरेंद्र के शव मिलने की जानकारी मिली।

# इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के गोदाम में रखे पटाखों में लगी आग, चार लोग झुलसे

## बुराड़ी क्षेत्र की घटना, मालिक का भतीजा 100 फीसदी जला, हालत गंभीर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बुराड़ी इलाके में रविवार शाम एक गोदाम में रखे पटाखे में आग लगने से चार लोग झुलस गए। कमरे का इस्तेमाल इवेंट मैनेजमेंट कंपनी शादी का सामान रखने के लिए कर रही थी। आग पूरी इमारत में फैल गई थी। बचाव कार्य के दौरान एक दमकलकर्मी भी घायल हो गए। सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से लोक नायक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मालिक का भतीजा 100 फीसदी जल गया है जिससे उसकी हालत गंभीर है। घायलों की पहचान हिमांशु (22), आनंद (24), रवि प्रकाश (22) और विजय पांडेय (22) के रूप में हुई है। वहीं घायल दमकलकर्मी की पहचान देवेंद्र संधु के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना में हिमांशु सौ फीसदी झुलस गया है। इसके अलावा आनंद और रवि 25 फीसदी तथा विजय पांडेय 40 फीसदी झुलसा है। पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर जांच कर रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। भूतल पर अवैध रूप से पटाखा बनाने का काम चल रहा था। बताया जा रहा है कि घायल चारों लोग घटना के समय फैक्टरी में मौजूद थे। पुलिस ने सभी घायलों को कैट्स एंबुलेंस की मदद से बुराड़ी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी ने बताया हिमांशु की हालत नाजुक बनी हुई है। करीब एक घंटे में आग पर काबू पाए जाने के बाद पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया।



पटाखे के गोदाम में लगी आग। संवाद

जांच में पता चला कि हिमांशु गुप्ता कंपनी के मालिक मुकेश गुप्ता का भतीजा है। इस गोदाम का इस्तेमाल इवेंट मैनेजमेंट कंपनी शादी के सामान जैसे कपड़े, पटाखे आदि को स्टोर करने के लिए करता था। आशंका है कि आग इन सामानों में लगी और फिर पूरे इमारत में फैल गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी घायल अभी बयान देने की हालत में नहीं हैं। उनके बयान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नहीं थी फायर एनओसी

छानबीन में पता चला कि भूतल पर पटाखे बनाने की अवैध फैक्टरी चल रही थी। जबकि ऊपर की मंजिल पर लोग रहे रहे थे। आशंका है कि किसी चिंगारी के संपर्क में आने के बाद पटाखे में आग लग गई। फैक्टरी में आग से बचाव के कोई उपाय नहीं किए गए थे। घटना के बाद से फैक्टरी का मालिक फरार

**आदेश** — आया नगर के एक जल निकाय से जुड़े मामले में एनजीटी ने डीपीसीसी को दिए दंडात्मक कार्रवाई के आदेश

# राजधानी में प्रदूषण से घुटा जल निकायों का दम

नितिन राजपूत

**नई दिल्ली।** राजधानी के जल निकायों का प्रदूषण से दम घुट रहा है। इनमें डाले जाने वाला कचरे, मलबे, पॉलीथीन, प्लास्टिक की बोतल समेत दूसरे प्रदूषकों ने जल निकायों की जान निकाल दी है।

इसी तरह का एक मामला राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के सामने आया है। इसमें आया नगर गांव के खसरा संख्या-1706 में स्थित जोहड़ बेदम पड़ा है। इस पर एनजीटी ने तल्ख तेवर दिखाए हैं। कोर्ट ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को उचित और दंडात्मक कार्रवाई करने और मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है।

इससे पहले डीपीसीसी ने अदालत को एक रिपोर्ट सौंपी थी। उसमें कचरा डालने, पार्क में गायों और मवेशियों को धोने, तालाब में ऐसे पानी के निर्वहन, इलाके में सीवेज सिस्टम की अनुपस्थिति और तालाब में खुले नाले से सीवेज के निर्वहन की पुष्टि की थी। यह सीधे तौर पर पर्यावरण नियमों के उल्लंघन का मामला है। हालांकि, 16 अगस्त, 2024 के आदेश में अदालत ने संबंधित पक्षों को पक्षकार बनाया था, लेकिन किसी भी प्रतिवादी की ओर से कोई उत्तर नहीं मिला।

### एमसीडी के वकील ने मांगा चार हफ्ते का समय

सुनवाई के दौरान एमसीडी के वकील ने अदालत को बताया कि उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि यह तालाब डीडीए की ओर से रखरखाव के उद्देश्य से 5 जुलाई, 2022 को एमसीडी को सौंप दिया गया था। अब डीडीए उक्त तालाब को वापस नहीं ले रहा है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, पिछली कार्यवाही में डीडीए को प्रतिवादी के रूप में शामिल किया था, लेकिन उसका प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। ऐसे में अधिकरण ने अगली सुनवाई की तारीख 24 मार्च, 2025 से कम से कम एक हफ्ते पहले हलफनामे के माध्यम से डीडीए को जवाब दाखिल करने के लिए नया नोटिस जारी किया।

### एनजीटी का डीजेबी को नोटिस

अदालत ने कहा, उन्हें यह भी बताया गया है कि संबंधित क्षेत्र में नालियों का निर्माण और रखरखाव दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की जिम्मेदारी है। इस स्थिति में डीजेबी के सीओ को कोर्ट ने प्रतिवादी बनाया। अधिकरण ने नए शामिल प्रतिवादी डीजेबी को अगली सुनवाई की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले हलफनामे के माध्यम से जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया।

# एनजीटी अध्यक्ष ने पर्यावरण चुनौतियों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** जीआईएस (भूस्थानिक सूचना प्रणाली) की ओर से महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग से औरंगाबाद में राष्ट्रीय ई-कचरा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय सम्मेलन में ई-कचरा प्रबंधन के ज्वलंत मुद्दे पर चर्चा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ आए थे। सम्मेलन का विषय विज्ञान और कानूनी हस्तक्षेप: ई-कचरा समस्या को लक्षित करना था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव शामिल हुए।



न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव

न्यायमूर्ति ने पर्यावरण चुनौतियों से निपटने में सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। ई-कचरा प्रबंधन रणनीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया। संवाद

## मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिया नवविवाहितों को आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** शाहदरा के पंचशील गार्डन में रविवार कन्याओं का श्रीराम सत्संग भवन में सामूहिक विवाह करवाया गया। इस अवसर पर मंडप तक गाजे-बाजे के साथ बारात पहुंची। दूल्हे घोड़े पर मुकुट पहन कर आए। उनके आगे राम-सीता, भरत-माण्डवी, लक्ष्मण- उर्मिला व शत्रुघ्न-श्रुतकीर्ति के स्वरूप सुसज्जित रथ में चले। स्थल पर पहुंचने का बाद इन जोड़ों ने परस्पर माल्यार्पण किया। हर जोड़े को गृहस्थ जीवन के लिए दिए जाने वाला सामान भी दिया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय परिवहन एवं वित्त राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा व महंत नवल किशोर ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया। ब्यूरो

# चंदौसी : दिनभर चली खोदाई, दो जेसीबी को लगाया...और आकार लेने लगी बावड़ी

## एसडीएम और कोतवाल की निगरानी में चला कार्य, सोमवार को दोबारा शुरू होगी खोदाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंदौसी(संभल)।** मोहल्ला लक्ष्मण गंज में मिली बावड़ी का अस्तित्व में लाने के लिए दूसरे दिन रविवार को भी शाम छह बजे तक खोदाई कार्य किया गया। दो जेसीबी और मजदूरों को कार्य में लगाया लगाया गया था। इसके बाद धीरे-धीरे बावड़ी आकार लेने लगी। हालांकि अभी तक बावड़ी की एक मंजिल दिखने लगी है। जिसमें चार गलियारेनुमा कमरे बने हुए हैं। एसडीएम नीतू रानी और कोतवाल रेनू सिंह की निगरानी में खोदाई कार्य किया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। वहीं पुलिस रस्सी बांध कर लोगों को बावड़ी के करीब आने से रोकती रही।

बता दें कि सनातन सेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख कौशल किशोर वंदेमातरम् द्वारा शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम राजेंद्र पैंसिया को एक प्रार्थनापत्र देकर मोहल्ला लक्ष्मण गंज में 17 दिसंबर को मिले खंडहरनुमा बांकेबिहारी मंदिर के पास आबादी के बीच खाली प्लाट में सन् 1857 की बनी बावड़ी होने का दावा किया गया था। डीएम के आदेश पर तहसील और पालिका की टीम भेज कर शनिवार की शाम चार बजे दो जेसीबी से खोदाई शुरू की गई तो एक घंटे बाद ही दीवारें नजर आने पर बावड़ी का अस्तित्व सामने आने लगा। हालांकि शनिवार को शाम छह बजे अंधेरा होने पर खोदाई रोक दी गई। रविवार को सुबह 10 बजे से फिर से खोदाई शुरू हुई। दोपहर तीन बजे तक बावड़ी की पहली मंजिल में बने चार कमरे दिखाई देने लगे। इसके बाद शाम छह बजे तक बावड़ी के ऊपर की मिट्टी हटाने का काम किया गया। एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि अभी चार कमरे दिखाई दिए हैं।


खोदाई में निकली सुरंग।

### 150 साल पुरानी है बावड़ी

डीएम बताया कि अभिलेखों में 400 वर्ग मीटर एरिया में बावड़ी तालाब के रूप में दर्ज है। बिलारी के राजा के नाना के समय बावड़ी बनी थी। इसमें तीन मंजिल बनी हुई हैं। दो मंजिल मार्बल से बनी हैं। एक मंजिल ईंटों से बनी है। इसमें कूप भी हैं और चार कक्ष बने हैं। ये बावड़ी 150 साल पुरानी बताई जा रही है।

## वाराणसी : 25 को मदनपुरा के मंदिर में होगी साफ-सफाई

■ प्रशासन से मिली सात दिन की मोहलत आज हो जाएगी पूरी, सनातन रक्षक दल ने कहा कि खरमास के बाद शुभ मुहूर्त में होगी पूजा


मदनपुरा में मंदिर के बाहर तैनात पुलिस फोर्स। संवाद

**वाराणसी।** मदनपुरा में मिले सिद्धिश्वर महादेव के 250 साल पुराने मंदिर का ताला खोलकर साफ-सफाई का काम 25 दिसंबर से होगा। खरमास के बाद शुभ मुहूर्त में मंदिर में पूजन और प्राण प्रतिष्ठा का कार्य कराया जाएगा। यह दावा सनातन रक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने किया। उन्होंने काशीवासियों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का आह्वान भी किया है। अजय शर्मा ने बताया कि प्रशासन की ओर से मिली सात दिन की मोहलत सोमवार को समाप्त हो रही है। मंगलवार को प्रशासन से बातचीत करके बुधवार से मंदिर का ताला खुलवाकर साफ-सफाई शुरू की जाएगी। शास्त्रों में वर्णन है कि अगर किसी मंदिर में 12 माह अनवरत पूजा नहीं होती है तो उसकी दोबारा प्राणप्रतिष्ठा करनी पड़ती है। मंदिर खुलवाने के बाद मिट्टी निकालकर सफाई होगी और अगर मंदिर में शिवलिंग व मूर्तियां नहीं होंगी तो स्थान की पूजा होगी और शिवलिंग व प्रतिमाओं को स्थापित कराया जाएगा। संवाद

## आईआईटी की छात्रा को एसीपी मोहसिन करता था अश्लील मैसेज

**कानपुर।** एसीपी मोहसिन खान पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली आईआईटी की पीएचडी छात्रा की पुरानी चैट साइबर सेल ने रिकवर कर एसआईटी को दे दी है। सूत्रों का कहना है कि छात्रा और मोहसिन की चैट में केवल मोहसिन ने अश्लील बातें की हैं। इसका जवाब कभी छात्रा ने अश्लील तरीके से नहीं दिया। कई टुकड़ों में मिली ये चैट्स मोहसिन की परेशानी बढ़ा सकती हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य विवेचना में मददगार साबित होंगे।

**पीएचडी छात्रा का यौन शोषण करने का मामला**

फिलहाल सीडीआर और नए सबूतों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। उधर, पुलिस के आरोपी एसीपी पर कार्रवाई न करने की वजह से छात्रा परेशान है। उसका आरोप है कि एसआईटी ने सारे बयान भी दर्ज कर लिए लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अधिकारी सिर्फ जांच की बात कर रहे हैं। बता दें कि बीते बृहस्पतिवार को आईआईटी छात्रा ने पूर्व एसीपी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। फिलहाल एसीपी की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। यूपी पुलिस को किए गए ट्वीट के बाद महिला अफसरों ने आईआईटी छात्रा को न्याय का भरोसा दिलाया है। संवाद

## पूरे परिवार के साथ दिल्ली के रेस्टोरेंट में राहुल गांधी ने किया लंच


नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी परिवार के साथ नई दिल्ली के एक रेस्टोरेंट में लंच करने पहुंचे। इस दौरान उनकी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा, उनके पति रॉबर्ट वाड्रा, उनकी बेटी मिराया वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा की मां भी मौजूद थीं, जिससे यह पूरा पारिवारिक कार्यक्रम बन गया। एजेंसी

## श्री डोरीलाल अग्रवाल राष्ट्रीय मेधावी दिव्यांग छात्रवृत्ति का वितरण आज

**आगरा।** अमर उजाला फाउंडेशन और विकलांग सहायता संस्था आगरा शाखा की ओर से श्री डोरीलाल अग्रवाल राष्ट्रीय मेधावी दिव्यांग छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम सोमवार को होगा। कार्यक्रम डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के स्वामी विवेकानंद परिसर खंदारी स्थित जेपी सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में 91 मेधावियों को छात्रवृत्ति वितरित की जाएगी। ये मेधावी उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक से आ रहे हैं। मुख्य अतिथि हिमानी बुंदेला हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 7409950024, 0562-2520367, 9719305049 और 9152731647 पर संपर्क कर सकते हैं। ब्यूरो

## पीएम व गृह मंत्री पर टिप्पणी करने में 22 पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

**बलिया।** पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में रविवार को पुलिस ने भारतीय संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित 12 नामजद व 10 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फतेह बहादुर यादव को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। भीमपुरा थाने के उप निरीक्षक वरुण कुमार राकेश ने तहरीर में आरोप लगाया कि 20 दिसंबर को आरोपियों ने सिकरिया नहर पुलिया के पास पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका था। उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। साथ ही, सरकारी कार्य में बाधा डाली और सड़क जाम कर दिया। इस दौरान भारतीय संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित महिला कार्यकर्ताएं शामिल थीं। संवाद

## हाईकोर्ट ने सेंगर की अंतरिम जमानत एक माह के लिए बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत एक महीने के लिए बढ़ा दी। अदालत ने सेंगर पर कुछ शर्तें भी लगाई हैं, जिसमें इलाज के लिए एम्स जाने के अलावा वह अपने आवास और दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते।

20 दिसंबर को पारित आदेश में जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस अमित शर्मा की पीठ ने कहा, अपीलकर्ता (सेंगर) की समग्र चिकित्सा स्थिति पर विचार करते हुए अदालत की राय है कि पांच माह के निलंबन की मांग अधिक है। हालांकि, अपीलकर्ता को उसकी आंख की सर्जरी, गुप्तांग के दर्द और शौच के दौरान होने वाले रक्तस्राव की समस्या से उबरने में सक्षम बनाने के लिए एक महीने की अवधि के लिए अंतरिम जमानत बढ़ाने का निर्देश दिया जाता है। इसके आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि वह 20 जनवरी को जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगे। ब्यूरो

उन्नाव दुष्कर्म केस



**20 जनवरी को जेल अधीक्षक के समक्ष समर्पण करने को कहा**

**सेंगर के आवास के बाहर 24 घंटे का रहेगा पहरा :** अदालत ने आदेश दिया कि सेंगर के आवास पर दिल्ली पुलिस का एक कांस्टेबल चौबीसों घंटे पहरा देगा, जो एक समय में दो से अधिक आगंतुकों को अनुमति नहीं देगा। इस दौरान सेंगर उपचार के लिए एम्स जा सकते हैं लेकिन वह अपने आवास से और दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते। गौर हो कि पूर्व भाजपा नेता उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भी 10 साल की जेल की सजा काट रहे हैं। उन्हें उस मामले में एक अन्य पीठ ने 23 दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी थी।

## महाकुंभ : अस्त्र-शस्त्र संग आवाहन अखाड़े ने किया छावनी प्रवेश, की गई फूलों की वर्षा



**प्रयागराज।** सुसज्जित रथों, बग्घियों पर सवार नागाओं, संगम की रेती पर शनिवार को श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वरों, श्रीमहंतों, नागा संन्यासियों की छावनी प्रवेश शोभायात्रा निकली तो उनकी एक झलक पाने के लिए लोग उमड़ पड़े। विविध रूप वाले बाबाओं को देखने के लिए लोग कतारबद्ध खड़े रहे। रास्ते भर नागा संन्यासियों के दल शस्त्रों, लाठियों से कलाबाजियां भी करते रहे। छतों, बारजों से पुष्पों की वर्षा होती रही। मड़ौका उपरहार से दिन के 12 बजे भगवान सिद्ध गणेश के पूजन के साथ रथों, बग्घियों, सुसज्जित घोड़ों पर सवार होकर आवाहन अखाड़े के संतों की छावनी प्रवेश शोभायात्रा निकली। सबसे आगे भगवान सिद्ध गणेश, इसके बाद ध्वजा पकाता, निशान और घोड़ों पर डंका बजाते हुए संतों की टोलियां निकलीं तो वह दृश्य देखते बना। तन पर भस्मी, गले में रुद्राक्षों की माला के साथ गेंदा, गुलाब के फूलों से सजे रमता पंच, शंभू पंच, श्रीपंच की टोलियां पंजाबी भांगड़ा के साथ पंघत बैंड के साथ दर्शन देते निकलीं। संवाद

**भस्मी लपेटे विविध रूप वाले बाबाओं को देखने उमड़ी भीड़**

## अखिलेश को केशव मौर्य का सुझाव जॉइन करें आरएसएस की शाखा



**डिप्टी सीएम ने अखिलेश यादव के संघ प्रमुख के बयान का समर्थन करने पर की टिप्पणी**

**कानपुर।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अब विपक्षी दल के नेता भी संघ की विचारधारा से प्रभावित हो रहे हैं। वह समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद वाले बयान का समर्थन करने पर टिप्पणी कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को संघ के बयान इतने अच्छे लगने लगे हैं, तो अच्छा होगा कि वे आरएसएस की शाखा जॉइन कर लें।

इसी तरह डिप्टी सीएम ने राहुल गांधी पर भी तंज कसा। कहा कि राहुल गांधी विरासत के कारण सांसद बने हैं। विरासत की राजनीति करने वाले लोग लोकतंत्र और संसद की अहमियत नहीं समझते हैं। विपक्ष ने संसद नहीं चलने दिया। ऐसे लोग जो संसद को बाधित करते हैं, उन्हें आने वाले चुनावों में जनता सबक सिखाएगी। यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे जनता के विश्वास को बनाए रखें और प्रदेश के विकास के लिए ईमानदारी से कार्य करें। संवाद


भारत सरकार

युवाओं को मिल रहे अवसर अपार
विकसित भारत का सशक्त आधार



युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए
रोज़गार मेला

देश भर में 45 स्थानों पर सरकारी नौकरियों में चयनित
71 हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा

23 दिसंबर, 2024 | प्रातः 10:30 बजे

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

- भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिलकर रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन
- महिलाओं, दिव्यांगजन और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ
- पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून लाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ पर लगाया अंकुश
- यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से नियुक्तियाँ
- ऑनलाइन सिस्टम से ख़ाली पदों और भर्ती प्रक्रिया की निरंतर निगरानी
- चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर 1500 से अधिक पाठ्यक्रम तथा "कर्मयोगी प्रारंभ" मॉड्यूल उपलब्ध

cbc 19101/13/0031/2425

DD NEWS डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें।

प्रशिक्षण संबंधी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in/ पर जाएं या QR Code को स्कैन करें।

# एजुकेशन & कॅरिअर

शिक्षा का उच्चतम परिणाम सहनशीलता है।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### भारतीय वायु सेना में अवसर

वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा



336 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 31 जनवरी, 2025
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 20 वर्ष व अधिकतम आयु 24 वर्ष
यहां आवेदन करें : afcat.cdac.in

### भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ■ 89 पद

जूनियर असिस्टेंट (फायर सर्विस) के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि
28 जनवरी, 2025
वेतनमान
रुपये 31,000 से लेकर रुपये 92,000 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें
aai.aero

### RGNAU में निकली भर्ती ■ 46 पद

प्रोग्रामर, सेक्शन ऑफिसर व अन्य पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
10 फरवरी, 2025
योग्यताएं
स्नातक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
rgnau.ac.in

### राष्ट्रीय जांच एजेंसी में संभावनाएं ■ 164 पद

इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर व अन्य पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि : 13 जनवरी, 2025
योग्यताएं : स्नातक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : nia.gov.in

### PRSU, रायपुर में आवेदन आमंत्रित ■ 51 पद

प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पदों पर करें अप्लाई
आवेदन की अंतिम तिथि
15 जनवरी, 2025
योग्यताएं
स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
prsu.ac.in

### सीएसआईआर में मौके ■ 20 पद

वैज्ञानिक ग्रुप-IV के पदों पर निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि
19 जनवरी, 2025
आयु-सीमा
अधिकतम आयु 32 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
clri.org

### यहां भी रोजगार के अवसर...

- केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद : सीनियर रिसर्च फेलो, जूनियर रिसर्च फेलो का पद खाली।
  इंटरव्यू की तिथि : 26 व 28 दिसंबर, 2024
  ccrhindia.nic.in
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गोवा : तकनीकी अधिकारी, अधीक्षक (राजभाषा) के पदों पर मौके।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 13 जनवरी, 2025
  iitgoa.ac.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# छुट्टियों पर जाने से पहले बनाएं योजना

**स्वयं ही अपने काम को प्रबंधित करें, ताकि किसी को आपके काम को संभालने में कोई परेशानी न हो**



यास्मिना खलीफी
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू

Harvard Business Review

दिसंबर का महीना चल रहा है और जनवरी भी नजदीक ही है। इस वक्त अमूमन पेशेवर लंबी छुट्टी पर जाने की योजना बना रहे होंगे। क्योंकि लगातार काम करने के दौरान पेशेवरों को अपने दिमाग को तरोताजा करने के लिए एक लंबे ब्रेक की जरूरत होती ही है। लेकिन ऑफिस के काम को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अपने काम को पूरा करने की जिम्मेदारी आपकी ही है। इसलिए छुट्टियों पर जाने से तीन से चार सप्ताह पहले एक हैंडओवर दस्तावेज बनाएं। साथ ही छुट्टी पर जाने से पहले अपने प्रबंधक या सहकर्मी को अपने बैकअप कार्यों के बारे में बताएं। काम करने की यह अप्रोच आपके जाने के बाद आपके सहकर्मियों को न केवल सहज रूप से काम करने में मदद करेगी, बल्कि आप तनाव मुक्त होकर अपनी छुट्टियों का आनंद भी ले सकते हैं।

**■ चार सप्ताह पहले**

यदि यह एक लंबी छुट्टी होने वाली है, तो इसके बारे में अपने प्रबंधक को अवश्य बताएं। इसके बाद आपको अपने लिए किसी विश्वसनीय बैकअप की भी तलाश करनी होगी, जो आपके जाने के बाद आपके कार्यों को अच्छे से संभाल ले। यदि आपको बैकअप मिल जाता है, तो छुट्टी पर जाने से पहले स्वयं ही अपने काम को अच्छे से प्रबंधित करें, ताकि किसी को आपके काम को संभालने में कोई परेशानी न हो।

**■ दो सप्ताह पहले**

छुट्टी पर जाने से दो सप्ताह पहले उस सप्ताह में किए जाने वाले कार्यों को समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखें। इसके अतिरिक्त एक हैंडओवर दस्तावेज बनाएं। इस सूची में आपके द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य और छुटे हुए कार्यों के बारे में सब कुछ लिखा हुआ होना चाहिए। क्योंकि भले ही आप अपने सहकर्मियों को वह कार्य सौंप न रहे हों, लेकिन इससे उन्हें आपके कार्यों की स्थिति जानने और आपको भी काम की योजना बनाने में मदद मिलेगी।

**■ एक सप्ताह पहले**

यदि छुट्टी पर जाने के लिए आपके पास केवल एक सप्ताह का ही समय बचा है, तो अब आपको काम के साथ अन्य बातों का भी ध्यान रखना चाहिए। जैसे अपने हैंडओवर दस्तावेज की समीक्षा करें और उसे अपडेट करें। आप जो कार्य पूरे कर चुके हैं उसे सूची से हटा दें और जो कार्य अभी भी रह गए हैं, उन्हें सूची में शामिल करें। अंत में अपने सहकर्मी के लिए एक नोट लिखें, ताकि उन्हें यह समझने में आसानी हो कि आपकी गैर-मौजूदगी में किन कार्यों को प्राथमिकता देनी है।



**■ छुट्टी से एक दिन पहले**

छुट्टी से एक दिन पहले आपको लोगों की सुविधा के लिए एक आउट-ऑफ-ऑफिस संदेश लिखना चाहिए। दरअसल, आउट-ऑफ-ऑफिस संदेश लोगों को यह बताने के लिए लिखा जाता है कि आपकी गैर-मौजूदगी में किससे संपर्क करना है, क्या आपके कार्य अन्य लोग संभाल रहे हैं या किसी बहुत जरूरी काम के लिए आपसे संपर्क किया जा सकता है।

## Q&A

*मैं दसवीं कक्षा में हूं और आगे चलकर एयरोस्पेस इंजीनियर बनना चाहता हूं।* -मेरठ से हितेश



अवंतिका मिश्रा
कॅरिअर एक्सपर्ट

एयरोस्पेस इंजीनियर बनने के लिए आपको सबसे पहले 12वीं पीसीएम से निर्धारित अंकों के साथ उत्तीर्ण करना होगा। इसके बाद बीटेक में दाखिला लेने के लिए आईआईटी-जेईई या अन्य प्रवेश परीक्षाओं को पास करना जरूरी है। बीटेक में एयरोनॉटिकल या एयरोस्पेस में से किसी एक ट्रेड का चयन करना होगा। बीटेक इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग चार साल का स्नातक प्रोग्राम है, जिसमें एयरोडायनामिक, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे किसी एक विषय में स्पेशलाइजेशन करना होगा। इस कोर्स में फ्लाइट डायनामिक्स, एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी एंड मशीन, एयरक्राफ्ट स्ट्रक्चर जैसे विषयों की जानकारी दी जाती है। अवसरों की बात करें तो इसरो, एयर इंडिया, सिविल एविएशन डिपार्टमेंट आदि संस्थानों में एयरोस्पेस इंजीनियर्स की भर्ती की जाती है।

## आवेदन आमंत्रित

# प्रोफिफोटो न्यू टैलेंट अवॉर्ड-2025

प्रोफिफोटो न्यू टैलेंट अवॉर्ड के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। अगर आप फोटोग्राफी करने में रुचि रखते हैं, तो आप इसमें आवेदन कर सकते हैं। इसके जरिये आपको अपनी 'कल्पना में मौजूद छवियों' को वास्तविकता में बदलने का मौका मिलेगा।

**■ फोटोग्राफी ऐसे करें जमा**

आप न्यूनतम पांच और अधिकतम दस लेंस-आधारित तस्वीरें जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, आप एआई-जनित फोटोग्राफी का उपयोग केवल परियोजना के पीछे के विचार को चित्रित करने के लिए कर सकते हैं।

**■ बतौर पुरस्कार**

विशेषज्ञों की एक जूरी पांच फोटोग्राफी परियोजनाओं को पुरस्कार देगी। पहले स्थान पर रहने वाले विजेता को 1,500 यूरो, दूसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 1,000 यूरो तथा तीसरे स्थान के लिए चयनित विजेता को 500 यूरो का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**■ आवेदन की तिथि**

आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। आप आधिकारिक लिंक site.picter.com/profifoto-nta-25-pt1 पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## एग्जाम अलर्ट : हफ्ते की परीक्षाएं

### आईसीएसआई सीएस एग्जीक्यूटिव परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 26 दिसंबर, 2024
- परीक्षा में अभ्यर्थियों से विषय से संबंधित 100 अंकों 100 वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक दोनों तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि तीन घंटे निर्धारित की गई है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें**
  icsi.in

### यूपी पुलिस डीवी पीएसटी परीक्षा

- **परीक्षा की तिथि :** 26 दिसंबर, 2024
- इस परीक्षा में अभ्यर्थियों के शारीरक दक्षता का परीक्षण किया जाएगा। पुरुष अभ्यर्थियों की न्यूनतम उंचाई 168 सेंटीमीटर, छाती न्यूनतम 79 सेमी और महिला अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई 152 सेंटीमीटर और वजन न्यूनतम 40 किलोग्राम होना चाहिए।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें**
  uppbpb.gov.in

## खुद को परखें

1. अल्पसंख्यक अधिकार दिवस किस दिन मनाया जाता है?
   (a) 16 दिसंबर
   (b) 17 दिसंबर
   (c) 18 दिसंबर
   (d) 19 दिसंबर
2. कौन-सा देश दिसंबर 2024 में आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करके अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल हुआ?
   (a) रूस (b) मोल्दोवा
   (c) यूक्रेन (d) केन्या
3. यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई)-2024 में भारत का स्थान क्या है?
   (a) 37वां (b) 38वां
   (c) 39वां (d) 42वां

*उत्तर : 1.c, 2.b, 3.c*

## सामान्य ज्ञान मर्डर हॉर्नेट



- हाल ही में, अमेरिका ने देश से मर्डर हॉर्नेट को पूरी तरह से खत्म कर दिया है।
- विशाल (जॉइंट) हॉर्नेट को मर्डर हॉर्नेट के नाम से जाना जाता है। यह एशिया की एक आक्रामक प्रजाति है। यह ततैया परिवार का सबसे बड़ा सदस्य है, जिसकी लंबाई दो इंच तक हो सकती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा सींग भी है।
- इनके डंक में सांप जितना या मधुमक्खी से सात गुना ज्यादा जहर होता है, जो किसी इंसान की जान तक ले सकता है। यह केवल 90 मिनट में मधुमक्खियों के पूरे छत्ते को खत्म सकता है।
- मर्डर हॉर्नेट 2013 में सुर्खियों में आया। संयुक्त राज्य अमेरिका में, इसे पहली बार 2019 में कनाडाई सीमा के पास वाशिंगटन राज्य में देखा गया था।
- ये कम ऊंचाई वाले जंगलों में रहने और बड़े मैदानों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों से बचने के लिए जाने जाते हैं। इनका मूल निवास स्थान चीन, कोरिया, जापान और भारत के समशीतोष्ण क्षेत्र हैं।

## रोशनी यहां है

**इस बार : राकेश चोपदार**
**क्यों : खुद के सीखे हुनर से खड़ी की एक अरब डॉलर की कंपनी**



**आजाद इंजीनियरिंग के संस्थापक राकेश चोपदार ने पिता के कारखाने में काम करते हुए इंजीनियरिंग के कौशल सीखे। अपनी मेहनत के बलबूते एक सफल कंपनी खड़ी करके उन्होंने साबित किया कि सफल होने के लिए किसी विशेष शिक्षा की जरूरत नहीं होती...**

# कभी लोग कहते थे नकारा, खुद से इंजीनियरिंग का हुनर सीख हासिल किया नया मुकाम

एक पच्चीस-छब्बीस साल का लड़का, जो अपने पिता के साथ कारखाने में काम करता था। एक दिन एक व्यक्ति कारखाने में आया और उस लड़के के पिता से फास्टनर खरीदने के लिए चर्चा करने लगा। उसके हाथ में एक एयरोफॉइल था। वह आदमी दुनिया भर में एयरोफॉइल का एक बेहतर आपूर्तिकर्ता, बेहतर कीमत और बेहतर गुणवत्ता की तलाश में था, जो उसे नहीं मिल रहा था। उस लड़के ने जैसे-तैसे उस व्यक्ति को मना लिया कि वह उसे अपना खुद का एयरोफॉइल बनाने की कोशिश करने दे। जब उस लड़के ने कुछ महीनों बाद उत्पाद तैयार करके उस आदमी को दिया, तो वह हैरान रह गया। वह उस लड़के की शुरुआत थी, जिसके बाद उसे कोई रोक नहीं पाया। वह लड़का कोई और नहीं राकेश चोपदार हैं। राकेश ने साबित किया कि अवसरों को पाने के लिए किस्मत के बजाय जुनून की जरूरत होती है। राकेश की कंपनी ने न केवल विनिर्माण उद्योग में मानक स्थापित किए हैं, बल्कि वैश्विक एयरोस्पेस और ऊर्जा क्षेत्रों में भी नाम कमाया है। राकेश चोपदार का स्कूल छोड़ने से लेकर हैदराबाद स्थित कंपनी आजाद इंजीनियरिंग के संस्थापक बनने तक का सफर लगन, नवाचार और उत्कृष्टता का जीवंत उदाहरण है।



### सेकंड-हैंड सीएनसी मशीन से शुरुआत

*राकेश ने एक सेकंड-हैंड सीएनसी मशीन के साथ 200 स्क्वायर मीटर के शेड में बालानगर में शुरुआत की। कंपनी को धीरे-धीरे आगे बढ़ा रहे थे, तभी उन्हें यूरोपीय कंपनी के लिए थर्मल पावर टर्बाइनों के लिए एयरोफॉइल बनाने का एक ऑर्डर मिला। यह ऑर्डर आजाद इंजीनियरिंग की सफलता का पहला पड़ाव था, क्योंकि इससे उन्हें और उनकी कंपनी को वैश्विक पहचान मिलनी शुरू हो गई। विभिन्न स्टेनलेस-स्टील सामग्रियों के साथ काम करके उन्होंने महत्वपूर्ण घटकों के निर्माण में महारत हासिल की।*

### असफल और नकारा

राकेश चोपदार ने 17 साल की छोटी-सी उम्र में हाई स्कूल की पढ़ाई छोड़ दी। राकेश चोपदार पढ़ाई में काफी कमजोर थे। इस कारण उन्हें घर-परिवार और दोस्तों से काफी ताने सुनने को मिलते थे। यहां तक कि दसवीं पास न कर पाने के कारण लोग उन्हें नकारा और असफल तक कहकर बुलाते थे। घरवालों के तानों से बचने के लिए राकेश ने पिता की नट-बोल्ट बनाने के कारखाने में काम करना शुरू कर दिया।

### बिना पढ़ा-लिखा इंजीनियर

चोपदार की सफलता की राह उनके पिता की फैक्ट्री एटलस फास्टनर्स से शुरू हुई। वहां काम करते हुए वह एक ऐसे इंजीनियर बन गए, जिन्होंने न तो कॉलेज का मुंह देखा और न ही इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। पिता के साथ कारखाने में ही उन्होंने मशीनरी में महारत हासिल की और व्यवसाय की पेचीदिगियों को सीखा। उनके व्यावहारिक अनुभव ने आजाद इंजीनियरिंग के विकास और नवाचार की नींव रखी। उन्होंने 2008 में खुद के कौशल पर भरोसा करते हुए आजाद इंजीनियरिंग की शुरुआत की।

### नवाचार के लिए जुनून

राकेश को नए-नए नवाचार करना बेहद पसंद है। उन्होंने कई ऐसे उत्पाद और उपकरण बनाए हैं, जो विश्व स्तर पर कई कंपनियों और इंजीनियरिंग में महारत हासिल इंजीनियरों की क्षमताओं को चुनौती देते हैं। उन्हें गैस, भाप, और एयरो इंजन से जुड़े जटिल और आधुनिक तकनीक पर आधारित उपकरण बनाना ज्यादा पसंद है। इसी का परिणाम है कि भारत की रक्षा उपकरण बनाने वाले संगठन डीआरडीओ ने आजाद इंजीनियरिंग के साथ एक समझौता किया है। कंपनी डीआरडीओ के लिए हाइब्रिड टर्बो-गैस जनरेटर इंजन का निर्माण करेगी। इसके अलावा कंपनी ने रोल्स-रॉयस के साथ भी कई समझौते किए हैं।

### माइनिंग और जहाजों के पुर्जे

राकेश चोपदार की कंपनी के पुर्जे तेल और गैस ड्रिलिंग डिवाइस को जमीन से 30,000 फीट नीचे और विमान को जमीन से 30,000 फीट ऊपर चलने में मदद करते हैं और जमीन पर रोटेटिंग पुर्जे न्यूक्लियर टर्बाइनों को शक्ति देते हैं। उनकी कंपनी आजाद इंजीनियरिंग का कुल रेवेन्यू 350 करोड़ रुपये था। आज उनकी कंपनी का बाजार पूंजीकरण एक अरब डॉलर से अधिक हो गया।

### युवाओं को सीख

- संघर्ष से कभी घबराना नहीं चाहिए।
- किताबों से ज्ञान मिलता है, लेकिन जो अनुभव से सीखता है, वो दुनिया बदलता है।
- हार तब होती है जब हम उम्मीद छोड़ देते हैं, वरना कोशिश से तो कामयाबी मिल ही जाती है।
- आपकी इच्छाशक्ति मंजिल तक पहुंचने की सबसे बड़ी सीढ़ी है।
- सफर में गिरना जरूरी है, क्योंकि वही उठने की कला सिखाता है।

## आज का दिन

23 दिसंबर, 1815

ब्रिटिश लेखिका जेन ऑस्टेन का चौथा उपन्यास 'एम्मा' प्रकाशित हुआ था। यह ऐसी युवा महिला पर केंद्रित था, जिसका विवाह-संबंधी क्षमताओं पर गलत विश्वास कई रोमांटिक घटनाओं का कारण बनता है।



- **1876 :** ओटोमन साम्राज्य का पहला संविधान लागू हुआ था।
- **1929 :** अमेरिकी जैज ट्रम्पेटर चेट बेकर का जन्म ओक्लाहोमा में हुआ था।
- **1995 :** अलेक्जेंडर क्वास्नीवस्की ने पोलैंड के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।
- **2013 :** हथियार निर्माता मिखाइल कलाश्निकोव का निधन हुआ था।

## व्रत त्योहार



**आज :** पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी।
**कल :** शिशिर ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले।
**राहुकाल :** दिन में 15.00 से 16.30 तक।

## कल का पंचांग

**विक्रमी संवत 2081**, 03 पौष मास शक 1946, पौष मास 10 प्रविष्टे, 22 जमादिउस्सानी हिजरी 1446, पौष कृष्ण पक्ष नवमी 19.52 तक उपरांत दशमी, हस्त नक्षत्र 12.16 तक उपरांत चित्रा नक्षत्र, शोभन योग 20.52 तक उपरांत अतिगंड योग, गर करण 10.52 तक उपरांत वणिज करण, चंद्रमा तुला राशि में 25.48 बजे।

सूर्योदय : 07.15
सूर्यास्त : 17.26
(भारतीय मानक समयानुसार)

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** नौकरी में उन्नति के संकेत मिल सकते हैं। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। विरोधी परास्त होंगे।

**वृष :** धैर्य रखने पर प्रयासों में सफलता मिलेगी। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। व्यवसाय में लाभ होगा।

**मिथुन :** मानसिक अस्थिरता बनी रहेगी। पूर्वनियोजित कार्य अटक सकता है। नौकरी में कार्य भार बढ़ सकता है।

**कर्क :** नई योजना में व्यस्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुभवी का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय में विस्तार और लाभ होगा।

**सिंह :** दिनमान प्रतिकूल रहेगा। कार्य पूर्ति में अवरोध आएंगे। व्यवसाय में लाभ होगा। सेहत नरम रहेगी।

**कन्या :** राज्य पक्ष से लाभ संभव है। नौकरी में पदभार बढ़ सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला :** प्रयासों में असफलता से निराशा होगी। व्यय पूर्ति के लिए ऋण में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय में मंदी रहेगी।

**वृश्चिक :** राजनीतिक क्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा। अचानक कार्य पूर्ति की खुशी होगी। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**धनु :** विकास के नए अवसर मिलेंगे। सरकारी क्षेत्र में अटका धन मिल सकता है। नौकरी में सम्मान बना रहेगा।

**मकर :** आत्मबल बनाए रखें। विरोधी पक्ष से सचेत रहें। व्यवसाय में धन लाभ होगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

**कुंभ :** कीमती वस्तु संभाल कर रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। व्यावसायिक लेन-देन में सचेत रहें। यात्रा संभव है।

**मीन :** पूर्व नियोजित कार्य में सफलता मिलेगी। आय वृद्धि के प्रयास सफल होंगे। भौतिक सुख-साधनों पर व्यय होगा।

## जन्मदिन



रवि दुबे, अभिनेता

आज जन्मे जातक चंचल स्वभाव, तार्किक और तीव्र बुद्धि के स्वामी होते हैं। लक्ष्य प्राप्ति प्रायः 30वें वर्ष में होती है। इस वर्ष का प्रारंभ कुछ प्रतिकूल रहेगा। वर्ष उत्तरार्द्ध कार्य सिद्धि में सहायक रहेगा। न्याय क्षेत्र में विजय मिलेगी। वर्ष की अंतिम तिमाही में व्यवसाय में यथेष्ट धन लाभ होगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 1 | | |
| 8 | 6 | 7 | | | 4 | 5 | | |
| 3 | 5 | 1 | | 9 | 8 | 2 | | |
| | | 2 | | 3 | | | 6 | |
| | | 6 | 4 | | 5 | 7 | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |
| | | 8 | 3 | 4 | | 6 | 7 | 5 |
| | | 5 | 2 | | | 8 | 3 | 4 |
| | | 3 | | | | | 1 | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 9 | 3 | 7 | 4 | 6 | 1 |
| 9 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### वजन कम करने में सहायक है लोबिया

*लोबिया में डायटरी फाइबर पाया जाता है, जो पाचन को आसान बनाकर वजन को कम करने में मदद करता है।*

लोबिया का सेवन करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसकी फलियों में एंटीऑक्सिडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर से फ्री रेडिकल्स और टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में सहायक होते हैं। लोबिया में डायटरी फाइबर पाया जाता है, जो पाचन को आसान बनाता है। साथ ही पोषक तत्वों के अवशोषण में भी



मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती, जिससे यह वजन कम करने में सहायक होता है। जिन लोगों को कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्या है, उन्हें लोबिया का सेवन करना चाहिए। इससे पेट साफ रहता है। ग्लूकोज को रेगुलर करने के लिए लोबिया का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसलिए मधुमेह रोगी इसका सेवन कर सकते हैं। लोबिया में विटामिन-सी, ए और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसमें एंटीऑक्सिडेंट गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा पर होने वाली इरिटेशन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से दाग-धब्बों से भी छुटकारा मिल सकता है। लोबिया में ट्रिप्टोफैन की भरपूर मात्रा होती है, जो अनिद्रा और बेचैनी को दूर करके अच्छी नींद लाने में सहायक होती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

प्रोटीन अधिक मात्रा में होने के कारण लोबिया पचाने में थोड़ी मुश्किल होती है। लोबिया के ज्यादा सेवन से अफारा और अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके सेवन में सावधानी जरूर बरतें। -डॉ. आर.पी. पाराशर
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

# अपना पैसा

## नई व्यवस्था

अपने ग्राहक को जानें यानी केवाईसी। यह एक ऐसा कागजात होता है, जिसकी अमूमन दुरुपयोग की खबरें आती रहती हैं। लेकिन नए साल से अब इस तरह की जालसाजी से सुरक्षा मिलेगी। **इससे जुड़ा पूरा मामला बताती अजीत सिंह की रिपोर्ट-**

## केवाईसी डाटा का अब नहीं होगा दुरुपयोग, बढ़ेगी सुरक्षा




सरकार लगातार बढ़ रहे केवाईसी डाटा के दुरुपयोग को रोकना चाहती है। इसके लिए सेंट्रल नो योर कस्टमर (सीकेवाईसी) के साथ डाटा सुरक्षा के संबंध में कई उपाय प्रस्तावित किए हैं। इसमें दो प्रमुख उपाय हैं। पहला...केवाईसी पहचानकर्ता विवरण। इसमें पैन, आधार, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि आते हैं। दूसरा...यूनिक आईपी एड्रेस। इन दोनों के जरिये आपके सारे विवरण को छुपा कर रखा जाएगा। पहले आपके सारे विवरण कोई भी मध्यस्थ देख या खोज लेता था। अब ऐसा संभव नहीं होगा।

### 20 जनवरी से लागू होगी नई व्यवस्था

बैंकों, वित्तीय संस्थानों, अनिवार्य रूप से विनियमित संस्थाओं (आरई) ने सरकार द्वारा इन उपायों को बहुत तेजी से लागू करने पर चिंता व्यक्त की है और समय सीमा बढ़ाने की अपील की है। इसलिए, सीकेवाईसी ने केवाईसी पहचानकर्ता दस्तावेजों को छिपाने की समय सीमा 16 दिसंबर, 2024 से बढ़ाकर 20 जनवरी, 2025 कर दी है।

- इस नई व्यवस्था के तहत केवाईसी जैसे आधार, पैन, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के अंतिम चार अंक ही संबंधित संस्थान देख पाएगा। बाकी के सारे अंक छुपे रहेंगे।

### दो तरीकों से छिपाई जाएगी आपकी जानकारी

केंद्रीय केवाईसी ग्राहक रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) दो तरीकों से ग्राहकों की डाटा सुरक्षा व गोपनीयता में सुधार करने की कोशिश कर रही है।

- **पहला**...केवाईसी पहचानकर्ताओं को छिपाकर और किसी भी मध्यस्थ को ग्राहक के केवाईसी विवरण तक पहुंच से रोककर। सीकेवाईसीआर का लक्ष्य जिनके पास केवाईसी की पहुंच है, उनको रजिस्ट्री में संग्रहीत डाटा को अवैध तरीके से डाउनलोडिंग को रोकना है।
- **दूसरा**...डाटा सुरक्षा बढ़ाने के लिए केवाईसी पहचानकर्ता अब केवल आरई के लिए उपलब्ध होगा। इसके तहत एक सीकेवाईसी आईडी प्रदान की जाएगी, जो हर केवाईसी पहचानकर्ता के लिए यूनिक होगी।

### मध्यस्थों के जरिये केवाईसी तक अवैध पहुंच

ज्यादातर आरई केवाईसी संग्रह से संबंधित कार्य को थर्ड पार्टी को देती हैं। सीकेवाईसी रजिस्ट्रार इस प्रथा को समाप्त कर रहा है। अब आरई को केवाईसी डिटेल्स तक पहुंच के लिए खुद के आईपी का उपयोग करना होगा। पहले मध्यस्थ आरई की ओर से केवाईसी डाटा तक पहुंचने के लिए अपने आईपी पते का उपयोग कर रहे थे। सीकेवाईसीआरआर एपीआई का उपयोग करने वाली हर रिपोर्टिंग इकाई को यूनिक आईपी पते का उपयोग करना होगा। आरई को सुनिश्चित करना होगा कि सीकेवाईसीआरआर के डाटा को साइबर सुरक्षा जांच, नियंत्रण व डाटा सुरक्षा उपायों के साथ संग्रहीत करें।

*नए साल से ग्राहकों को बड़ी सुरक्षा मिलेगी। नए तरीकों से साइबर अपराध व केवाईसी दुरुपयोग रुकेगा। आपको भी ध्यान देना होगा कि किसी थर्ड पार्टी को केवाईसी न दें।* **-करण त्रिवेदी, सीए**

## नए साल के लिए रणनीति बनाने से पहले कीजिए वित्तीय सेहत की समीक्षा

### बचत बढ़ाने के लिए गैर-जरूरी खर्च घटाएं, कर्जमुक्त होने पर दें जोर

कालीचरण

साल 2024 खत्म होने वाला है। यह अपनी वित्तीय सेहत की समीक्षा करने और नए साल के लिए निवेश-बचत योजना बनाने का सही समय है। साल के अंत में बजट की समीक्षा करने से अपने वित्तीय लक्ष्य को आसानी से हासिल करने की यात्रा आसान हो जाती है।

वित्तीय योजना बनाना एक विकसित होने वाली प्रक्रिया है। इसके लिए बजट का आकलन जरूरी है। इससे न सिर्फ गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करने में मदद मिलती है, बल्कि कर्जमुक्त होने में भी सहायता मिलती है। अपने निवेश पर रिटर्न का मूल्यांकन कर पोर्टफोलियो को समायोजित कर सकते हैं। यह सेवानिवृत्ति योजना पर भी फिर से विचार करने का अच्छा समय है।



### खर्च करने की आदतों को पहचानें

नए साल के लिए बचत और निवेश की योजना बनाने से पहले पिछले साल की अपनी खर्चों की आदतों की समीक्षा करें। इससे आने वाले समय के लिए उपयुक्त बजट बनाने में मदद मिलती है। उन खर्चों की पहचान करें, जिनमें आप कटौती कर सकते हैं या जिन पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है।

- उदाहरण...आप पौष्टिक भोजन या कौशल विकास पर खर्च बढ़ाने के लिए ओटीटी सब्सक्रिप्शन में कटौती कर सकते हैं।

### बीमा पॉलिसियों को नजरअंदाज न करें

*बीमा कवरेज भी जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बीमा कवरेज की समीक्षा करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आपके जीवन में होने वाले बदलावों के अनुरूप है।*

- अगर आप हाल ही में माता-पिता बने हैं, तो आपको बीमा कवरेज बढ़ाने की जरूरत पड़ सकती है। 20 लाख रुपये का टर्म बीमा अब अपर्याप्त हो सकता है, क्योंकि आपकी जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं।
- अपने स्वास्थ्य बीमा की भी समीक्षा करें ताकि सुनिश्चित हो सके कि यह महंगाई आधारित चिकित्सा खर्च के लिए पर्याप्त है।

### नौ महीने तक के लिए रखें आपात फंड

आपातकालीन फंड नौकरी छूटने या दुर्घटना जैसी विषम परिस्थितियों में वित्तीय रूप से सहायक होता है। संकट के दौरान आदर्श रूप से आपके पास छह से नौ महीने तक के खर्चों के लिए आपात फंड होना चाहिए।

### निवेश मूल्यांकन और टैक्स प्लानिंग भी करें

कर्जमुक्त होने के लिए मौजूदा वित्तीय सेहत के बारे में जानना आवश्यक है। इसके लिए अपनी कमाई, निवेश और देनदारियों की सूची बनाएं। क्रेडिट कार्ड बकाये को भी शामिल करें। इसके अलावा, दो-तीन वर्षों में कर व्यवस्थाओं में हुए बदलावों के बीच टैक्स प्लानिंग जरूर करें। पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था की तुलना कर निर्धारित करें कि कौन सी व्यवस्था अधिकतम छूट दिलाने के साथ ज्यादा बचत कराएगी। **–आदिल शेट्टी, सीईओ, बैंक बाजार**



निवेश-बचत
लाइफ & मनी

**साल 2024 दुनिया के शेयर बाजारों के लिए भले ही उतार-चढ़ाव वाला रहा हो, इसके बावजूद भारतीय बाजार ने जाते-जाते 8 फीसदी का रिटर्न दिया है। यह रिटर्न बहुत अच्छा नहीं है, लेकिन विपरीत वैश्विक स्थितियों में यह बेहतर है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि नया साल 2025 इससे भी बेहतर होगा।**

## बाजार : 2025 में बनी रहेगी तेजी, होगी कमाई



**स्नेहा पोद्दार**
आर्थिक विश्लेषक

दुनियाभर में 2024 में जिस तरह की परिस्थितियां रही हैं, उस माहौल में किसी भी साधन से बेहतर रिटर्न की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। 2024 के शुरू में दुनिया में माहौल अलग था। देशों के बीच तनाव के साथ महंगाई और ब्याज दरों को शीर्ष पर रखने की होड़ थी। लेकिन, स्थितियां तब और बुरी हो गई, जब दूसरी और तीसरी तिमाही की शुरुआत में हालात काफी खराब हो गए। कई देश युद्ध और महंगाई की चपेट में आ गए। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने निवेश के लिए बाजार बदल दिए। केंद्रीय बैंकों के गाइडेंस बदल गए। इसका असर यह हुआ कि अक्तूबर से लेकर दिसंबर में अब तक दुनियाभर के शेयर बाजारों का बुरा हाल रहा है।

### अच्छी-खासी कमाई में आई गिरावट

सितंबर तक भारतीय बाजार ने तेजी भरी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 85,800 और निफ्टी 26,000 के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। इसका असर यह हुआ कि बाजार पूंजी भी 470 लाख करोड़ को पार कर गई। जनवरी की शुरुआत से देखें तो सितंबर तक हमारे बाजार ने 18 प्रतिशत रिटर्न दिया था। लेकिन वैश्विक माहौल बदलते ही यह सारा रिटर्न धुल गया। अब यह मुनाफा 50 फीसदी से ज्यादा घटकर 8 फीसदी पर आ गया है। हालांकि, जिस तरह का माहौल रहा है, उसमें यह मुनाफा भी बुरा नहीं है।

### लार्जकैप में फायदा की उम्मीद

मिडकैप और स्मॉलकैप भले ही महंगे भाव पर कारोबार कर रहे हों, पर लार्जकैप का मूल्यांकन कम हो गया है। ऐसे में निवेशकों को मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में लार्जकैप में ज्यादा निवेश करने की सलाह है। आईटी, हेल्थकेयर, बैंकिंग, फाइनेंस, सेवा और बीमा के साथ औद्योगिक व रियल एस्टेट में ठीक-ठाक रिटर्न मिलने की उम्मीद है।

- भारतीय बाजारों को घरेलू और वैश्विक आर्थिक घटनाओं के संयोजन से महत्वपूर्ण प्रभाव का सामना करने की संभावना है। फरवरी, 2025 में आरबीआई की ओर से दर में कटौती की उम्मीद है।
- जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद व्यापार नीति में बदलाव के साथ अमेरिकी दर में कटौती की प्रगति से बाजार अस्थिर रह सकता है।

### मुनाफा वसूली व अन्य कारणों से गिरावट

निरंतर वृद्धि के बाद बाजार पिछले दो महीनों में सार्वकालिक उच्च स्तर से 11% नीचे आ गया है। हाल ही में इस्राइल-ईरान, रूस-यूक्रेन और इस्राइल-फिलिस्तीन के बीच तनाव में वृद्धि के साथ-साथ अन्य कारकों के कारण बाजार में मुनाफावसूली हुई। कंपनियों की आय में कमी और मिडकैप व स्मॉलकैप में ऊंचे मूल्यांकन के साथ अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद डॉलर इंडेक्स में मजबूती के कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से दूरी बनाई। ऐसे में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनियों की आय में 5 फीसदी की मामूली वृद्धि हो सकती है। यह पांच वर्षों में पहली बार होगा, जब कंपनियों की आय वृद्धि एक अंक में होगी। पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कुछ सुधार की उम्मीद है। ऐसा इसलिए क्योंकि ग्रामीण इलाके में खर्च में वृद्धि, शादियों का मौसम और सरकारी खर्च में बढ़ोतरी हो रही है।

### निफ्टी के 27,000 पार जाने की उम्मीद

विश्लेषकों का अनुमान है कि 2025 में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 27,000 के पार जा सकता है। यह अभी 23,600 से नीचे है। यानी 13 प्रतिशत के फायदे की उम्मीद है। गोल्डमैन सैश का अनुमान है कि अगले साल निफ्टी50 सूचकांक 27,000 के पार जा सकता है। अगले तीन महीने में यह 24,000 के पार जा सकता है।

- बाजार की तेजी में जो महत्वपूर्ण कारक होंगे, उनमें एक तो महंगाई घटने की उम्मीद है। दूसरा, कई देशों के बीच तनाव कम हो सकते हैं। कई देशों की नीतियों में बदलाव होगा। साथ ही भारत में अगले साल से ब्याज दरें घटने की उम्मीद है जिससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में वापसी कर सकते हैं।

### आईपीओ का बना रहेगा आकर्षण

भारतीय बाजार में 2024 आईपीओ के लिहाज से भी बेहतर रहा है। इस दौरान कुल 90 कंपनियों ने 1.79 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो अब तक का रिकॉर्ड है। विश्लेषकों की मानें तो अगले साल इससे ज्यादा पूंजी जुटाई जा सकती है। कुल 90 कंपनियों ने अभी बाजार में उतरने की योजना बनाई है। इसमें से 34 को सेबी की मंजूरी भी मिल चुकी है। ऐसे में अनुमान है कि अगले साल आईपीओ के जरिये 2.5 लाख करोड़ रुपये की रकम जुटाई जा सकती है। इस साल ह्युंडई ने 27,000 करोड़ का रिकॉर्ड धन जुटाया है।



## धन की बात

### सवाल आपका

**मैं किसी लोन में गारंटर हूं तो क्या मेरे भी सिबिल स्कोर पर असर पड़ेगा?** -राकेश सिंह चौहान, गाजियाबाद

**जवाब :** अगर किसी व्यक्ति ने कर्ज लिया है और वह चुकाने में विफल रहता है तो बतौर गारंटर इसका सीधा असर आपके सिबिल स्कोर पर पड़ेगा। गारंटर इसलिए बनाया जाता है कि अगर कर्ज लेने वाला कर्ज नहीं चुका पाया तो वह रकम आपसे वसूली जाएगी। आप उस रकम की भरपाई नहीं करते हैं तो कर्ज देने वाला संस्थान कानूनी तरीके से आपसे कर्ज वसूली की कार्रवाई कर सकता है। यही नहीं, आपका सिबिल स्कोर भी खराब हो जाएगा। इसका असर यह होगा कि आपको आगे कोई भी वित्तीय संस्थान लोन नहीं देगा। इसलिए कर्ज में गारंटर बनते समय सावधानी बरतें और जहां तक संभव हो, इससे बचने की कोशिश करें।

# कारोबार

*भारत में एआई पर अधिक निवेश करेगी एनटीटी डाटा : जापान की प्रौद्योगिकी कंपनी एनटीटी डाटा भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की तैयारी में है। वह एआई व डिजिटल समाधान में और अधिक निवेश कर भारत में परिचालन बढ़ाएगी। एजेंसी*

### सुझाव

## प्राथमिकता क्षेत्र के कर्ज ढांचे में सुधार की जरूरत



**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लिए ऋण ढांचे में सुधार की जरूरत बताई है। इसने उभरते क्षेत्रों और डिजिटल बुनियादी ढांचे, हरित पहल, स्वास्थ्य सेवा जैसे उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों को इसमें शामिल करने का सुझाव दिया है। सीआईआई का कहना है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक और राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक जैसे संस्थानों की भूमिकाएं निर्धारित हैं, क्योंकि उन्होंने वित्तपोषण के लिए क्षेत्रों को चिह्नित किया है। प्राथमिकता क्षेत्र के कर्ज के नियमों के संशोधन पर विचार करने और कुछ नए व उभरते क्षेत्रों को पूरा करने के लिए उच्चस्तरीय समिति बनाने की जरूरत है। एजेंसी

- आज कृषि क्षेत्र जीडीपी में 14 फीसदी योगदान देता है, लेकिन इसका प्राथमिक क्षेत्र कर्ज आवंटन 18 फीसदी पर बना है। यह तब से अपरिवर्तित है, जब इसका योगदान 30% से अधिक था।

### अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद से लगातार मजबूत हो रहा डॉलर

## रिकॉर्ड निचले स्तर के बाद भी अन्य मुद्राओं के मुकाबले कम टूटा रुपया

अजीत सिंह

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया टूटकर भले ही रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया हो, इसके बावजूद इसमें प्रमुख देशों की मुद्राओं के मुकाबले सबसे कम गिरावट आई है। रुपया बृहस्पतिवार को पहली बार 85 के स्तर से नीचे पहुंच गया था। हालांकि, शुक्रवार को इसमें 10 पैसे का सुधार देखने को मिला था।

अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के बाद से सभी देशों की मुद्राएं डॉलर की तुलना में कमजोर हुई हैं। आंकड़े बताते हैं कि डॉलर की तुलना में रुपया 5 नवंबर से लेकर 19 दिसंबर के बीच 1.20 फीसदी कमजोर हुआ है। इस अवधि के दौरान फिलीपीन की मुद्रा में 1.55 फीसदी, तुर्किये में 2.21 फीसदी, ताईवान में 2.29 फीसदी और थाईलैंड की मुद्रा में 3.08 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, 5 नवंबर से लेकर 19 दिसंबर की अवधि के बीच डॉलर की तुलना में इंडोनेशिया की मुद्रा 3.72 फीसदी कमजोर हुई है। मलयेशिया की मुद्रा में 3.95 फीसदी और दक्षिण कोरिया की मुद्रा में 4.77 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। यूरो जोन की मुद्रा भी 5.17 फीसदी टूटी है।



### आयात के लिए चुकानी होगी अधिक कीमत

**डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट से देश को आयात के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे न सिर्फ महंगाई और बढ़ेगी, बल्कि देश के व्यापार घाटे पर भी असर पड़ेगा। खासकर ऐसे समय में जब महंगाई दर 5 फीसदी से ऊपर बनी हुई है।**

- विश्लेषकों का मानना है कि जब तक अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अर्थव्यवस्था पर अपनी नीतियों का खुलासा नहीं करते, तब तक डॉलर अन्य मुद्राओं की तुलना में मजबूत बना रहेगा।
- ट्रंप के अब तक के सभी संकेत इस ओर इशारा कर रहे हैं कि वह अमेरिकी डॉलर को मजबूत बनाए रखेंगे और इसलिए सभी देशों की मुद्राओं को इसके अनुरूप समायोजित होना होगा।

| प्रमुख बड़े देशों की मुद्राओं में कमजोरी | |
|---|---|
| भारत | 1.20% |
| चीन | 2.72% |
| सिंगापुर | 3.41% |
| जापान | 3.72% |
| ब्रिटेन | 3.73% |
| यूरो | 5.17% |

### गिरावट के प्रमुख कारण


- देश का व्यापार घाटा बढ़ रहा है।
- घरेलू शेयर बाजार से विदेशी निवेशक लगातार पूंजी की निकासी कर रहे हैं।
- अमेरिकी आर्थिक नीतियों को लेकर अब भी अनिश्चितता बनी हुई है।
- अमेरिकी जीडीपी और दर में कटौती पर फेडरल रिजर्व का कम अनुमान।

### विदेशी निवेशकों ने निकाले 976 करोड़

दो सप्ताह की खरीदारी के बाद विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह 976 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। हालांकि, पिछले सप्ताह के शुरुआती दो दिन में 3,126 करोड़ की खरीदारी की थी।

### वैश्विक रुख से तय होगी इस सप्ताह बाजार की दिशा

घरेलू शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों का मानना है कि इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में घरेलू मोर्चे पर कोई प्रमुख घटनाक्रम नहीं है। ऐसे में बाजार भागीदारों की निगाह वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। क्रिसमस के मौके पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ शोध विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, घरेलू मोर्चे पर किसी बड़े संकेतक का अभाव है। हालांकि, कुछ वैश्विक संकेतक बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



## फ्रंट रनिंग मामले में नौ लोगों-संस्थानों पर प्रतिबंध, 21 करोड़ की अवैध कमाई जब्त

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य लोगों-संस्थानों से जुड़े एक 'फ्रंट रनिंग' मामले का भंडाफोड़ किया है। साथ ही, इन पर बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगाने के साथ लोगों से अवैध तरीके से कमाए गए 21.16 करोड़ रुपये लौटाने का निर्देश दिया है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, कुछ इकाइयों की ओर से बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की गई थी। इन लोगों-संस्थाओं ने पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी व अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम का उल्लंघन किया था। कार्रवाई के तहत अर्जित अवैध लाभ को जब्त किया गया है। **फ्रंट रनिंग** का मतलब अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन कर लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों के पास नहीं होती। एजेंसी

### सेबी की जांच में 6,766 मामले सामने आए

सेबी ने कहा, जांच एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक चली थी। इसमें डीआरपीएल, डब्ल्यूडीपीएल और प्रग्नेश संघवी के खातों के जरिये ऐसे फ्रंट रनिंग के 6,766 मामले सामने आए। इन इकाइयों ने इसके जरिये 21,15,78,005 रुपये का अवैध लाभ कमाया। सेबी ने कहा, इन इकाइयों के खातों में फ्रंट रनिंग गतिविधियों का सिलसिला लंबे अरसे यानी तीन साल से अधिक समय तक चला। कंपनी से जुड़े लोगों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।




### गोपनीय ऑर्डर की जानकारी का दुरुपयोग

नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली (इक्विटी डीलर, पीएनबी मेटलाइफ) और उनके भाई तेजस दगली (इक्विटी सेल्स ट्रेडर, इन्वेस्टेक) ने पीएनबी मेटलाइफ व इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की। इस जानकारी का उपयोग लेन-देन के लिए किया और इसे संदीप शंभरकर के साथ साझा किया।

- संदीप ने धनमाता रियल्टी प्राइवेट लि. (डीआरपीएल), वर्थी डिस्ट्रीब्यूटर्स प्राइवेट लि. (डब्ल्यूडीपीएल) और प्रग्नेश संघवी के खातों के जरिये फ्रंट रनिंग लेन-देन का क्रियान्वयन किया। डीआरपीएल और डब्ल्यूडीपीएल के निदेशकों में शामिल अर्पण कीर्तिकुमार शाह, कविता साहा व जिग्नेश निकुलभाई दभी ने भी इस योजना का फायदा उठाया।

## बाजार में इस साल चार लाख करोड़ का संस्थागत निवेश

**नई दिल्ली।** भारतीय इक्विटी बाजारों में 2025 में भी संस्थागत निवेश की मजबूती बनी रहेगी। ब्रोकरेज हाउस आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज का अनुमान है कि इस साल चार लाख करोड़ रुपये के संस्थागत निवेश घरेलू बाजार में आए हैं।

सिक्योरिटीज ने कहा, इस साल घरेलू बाजार के बेहतर प्रदर्शन में संस्थागत निवेश का बड़ा योगदान रहा है। निफ्टी में अभी तेजी का रुख है। ऐसे में यह अनुमान है कि अगले साल निफ्टी 27,500 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है। 2024 में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार की तेजी में बड़ी भूमिका निभाई। अक्तूबर-नवंबर में सेकंडरी बाजार से 1.5 लाख करोड़ की निकासी के बावजूद निफ्टी ने सालाना आधार पर 9 फीसदी रिटर्न दिया है। एजेंसी

### कैपिटल गुड्स, स्वास्थ्य दूरसंचार क्षेत्रों में निवेश

रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की रणनीति में एक उल्लेखनीय बदलाव देखा गया, क्योंकि इन निवेशकों ने बैंकिंग, फाइनेंशियल, तेल और गैस जैसे पारंपरिक सेक्टरों से पैसा निकाला, जबकि कैपिटल गुड्स, स्वास्थ्य सेवा और दूरसंचार क्षेत्रों में निवेश किया।

## चेन्नई की कंपनी ने कर्मियों को उपहार में दी कार

### कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए 20 कर्मचारियों को मिला इनाम

**चेन्नई।** चेन्नई स्थित सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लि. ने अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार और मोटरसाइकिल उपहार में दी है। कंपनी के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण को देखते हुए कर्मचारियों को ये उपहार दिए गए हैं।

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को बताया, 20 कर्मचारियों को 'उच्च लक्ष्य हासिल करने' के लिए प्रेरित करने के लिहाज से उन्हें टाटा मोटर्स की कार, एक्टिवा स्कूटी और रॉयल एनफील्ड बाइक उपहार में दी गई। सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक डेन्जिल रायन ने कहा, एक मजबूत कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम के कार्यान्वयन से न सिर्फ समग्र कर्मचारी संतुष्टि में सुधार होता है, बल्कि उत्पादकता और जुड़ाव में भी वृद्धि होती है। प्रेरित कर्मचारियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद अधिक होती है। कंपनी माल ढुलाई में होने वाली देरी, पारदर्शिता की कमी और अकुशल आपूर्ति शृंखला समाधान जैसी लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की चुनौतियों का समाधान करती है। रायन ने कहा, हमारा मिशन सभी आकार के व्यवसायों के लिए लॉजिस्टिक्स को सरल और आसान बनाना है। एजेंसी



कार, बाइक और स्कूटी के साथ कंपनी के कर्मचारी।

## टिकाऊ विमान ईंधन का प्रमुख उत्पादक बन सकता है भारत

**जिनेवा/नई दिल्ली।** भारत अपनी इथेनॉल आपूर्ति व लिपिड फीडस्टॉक्स जैसे गैर-खाद्य औद्योगिक तेलों की उपलब्धता के चलते टिकाऊ विमानन ईंधन का प्रमुख उत्पादक बन सकता है।

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) में शुद्ध शून्य रूपांतरण के निदेशक हेमंत मिस्त्री ने कहा, भारत के लिए इस समय कुछ बहुत अच्छे अवसर हैं। टिकाऊ विमानन ईंधन के लिए जरूरी तंत्र विकसित हो गया है, लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है। एजेंसी


## कचरा रिसाइकिल उद्योग 11 लाख लोगों को देगा रोजगार

### 2030 तक तीन लाख करोड़ रुपये हो जाएगा उद्योग का आकार

अमर उजाला ब्यूरो

**हैदराबाद।** देश में स्वच्छता अभियान पर सरकार के जोर देने और साफ-सफाई के प्रति लोगों में जागरूकता ने कचरा रिसाइकिल उद्योग को नई रफ्तार दी है। उद्योग से जुड़ी कंपनियां कचरा रिसाइकिल क्षमता बढ़ाने के लिए नई तकनीकों पर भारी निवेश के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

रीसस्टेनिबिलिटी लि. के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मसूद मलिक ने बताया, आज देश के शहरी इलाकों में प्रतिदिन करीब तीन लाख टन कचरा निकलता है। इसमें से सिर्फ 20 फीसदी का ही हर दिन रिसाइकिल हो पाता है। इससे पता चलता है कि इस उद्योग में आगे बढ़ने की अपार संभावना है। उम्मीद है कि उद्योग का आकार 2030 तक बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा, जो अभी 60,000 करोड़ है। 1.25 लाख रोजगार देने वाले कचरा रिसाइकिल उद्योग में 2030 तक 11 लाख से अधिक लोगों को काम देने की क्षमता है।



मसूद मलिक

### यूपी में प्लांट लगाएगी रीसस्टेनिबिलिटी लि.


हैदराबाद समेत देश के कई शहरों में फैली कंपनी अब यूपी के लखनऊ में भी कचरा रिसाइकिल प्लांट लगाने की तैयारी कर रही है। करीब 5,000 करोड़ रुपये की कंपनी सिंगापुर समेत 11 देशों में फैली हुई है। कंपनी न सिर्फ कचरा रिसाइकिल करती है, बल्कि उससे टाइल्स, खाद, पॉलीबैग, बिजली समेत अन्य उत्पाद बनाती है।

### हर दिन 3,000 टन कचरे से बिजली बनाती है कंपनी

रीसस्टेनिबिलिटी लि. हैदराबाद के जवाहर नगर स्थित अपने प्लांट में हर दिन 2,500 से 3,000 टन कचरे से बिजली बनाती है। इसके अलावा, वह अमेरिकी कंपनी रेल्डन के साथ संयुक्त उद्यम वाले ई-वेस्ट रिफाइनरी में सालाना 20,000 टन ई-कचरा प्रॉसेस करती है।

कृषि एवं किसान
कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते



# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह

## की जयंती

# 'राष्ट्रीय किसान दिवस'

## के अवसर पर कृतज्ञ राष्ट्र का शत-शत नमन

### किसानों के लिए बीज से बाजार तक भारत सरकार के अथक प्रयास

- कृषि मंत्रालय का बजट वर्ष 2014-15 में लगभग ₹22 हजार करोड़ से 5 गुना बढ़कर वर्ष 2024-25 में ₹1.22 लाख करोड़ हुआ; जिससे खेती बनी आधुनिक और किसान हुए समृद्ध
- पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत ₹3.46 लाख करोड़ के वितरण से किसानों का जीवन हुआ सुगम
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मिली ₹1.70 लाख करोड़ की आर्थिक मदद
- 'सतत आय' पहल के तहत किसानों को एमएसपी के लिए लगभग ₹2 लाख करोड़ के प्रावधान से किसानों का जीवन हुआ उज्ज्वल
- प्रधानमंत्री-आशा योजना के अंतर्गत ₹35,000 करोड़ के प्रावधान से किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया गया
- कृषि अवसंरचना कोष योजना के अंतर्गत ₹1 लाख करोड़ के निवेश से किसानों को मिला वित्तीय लाभ; आधुनिक कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ₹2 करोड़ तक की ऋण गारंटी
- 109 उच्च उपज वाली और जलवायु-अनुकूल फसल किस्में जारी करने से किसानों का खर्च हुआ कम
- 24.60 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण से किसानों की उपज को बढ़ावा मिला
- प्रति ड्रॉप अधिक क्रॉप योजना से लगभग 95 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सूक्ष्म सिंचाई के तहत कवर हुआ
- 9,000 से अधिक FPO पंजीकृत; 23 लाख किसान लाभार्थी बने
- ई-नाम पोर्टल पर 1410 मंडियों का पंजीकरण होने से कृषि क्षेत्र को मिली नई दिशा
- नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य, अब तक 1000 ड्रोन किए गए वितरित; ₹1,261 करोड़ से अधिक का प्रावधान

"कई दशकों पहले, चौधरी चरण सिंह जी ने खुद देश को बदलाव के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का रास्ता दिखाया था। केंद्र सरकार का निरंतर प्रयास किसानों को सशक्त बनाना है। जब किसानों की उन्नति होगी, तो पूरे राष्ट्र की उन्नति तय है। - नरेन्द्र मोदी"



CBC 01102/13/0006/2425

**भारत का अन्नदाता** **भारत का भाग्य-विधाता**

किसान दिवस पर डीडी किसान चेनल का विशेष प्रसारण देखें, रात 8 बजे से | किसान

फॉलो करें : @AgriGoI

पीएम-किसान हेल्पलाइन नं. 155261

पीएम-किसान हेल्पडेस्क https://pmkisan.gov.in/Grievance.aspx

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

QR कोड स्कैन करें और WHATSAPP चैनल से जुड़ें

## ढाका में हुई हत्या पर बांग्लादेश की सफाई कहा-तरुण दास नहीं था मंदिर का पुजारी

**ढाका।** ढाका में हुई हत्या मामले में सफाई देते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा है कि देश में बीते दिनों मारा गया व्यक्ति हिंदू पुजारी नहीं था। की मीडिया विंग ने कहा, तरुण कुमार दास की मौत सांप्रदायिक हिंसा से नहीं, बल्कि श्मशान घाट में चोरी से जुड़ी थी। इनता ही नहीं, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने पुजारी को मानसिक रूप से अस्थिर बता दिया। बांग्लादेश के नाटोर में एक श्मशान घाट में स्थित मंदिर में दास की हमलावरों ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस्कॉन की कोलकाता इकाई ने शनिवार को कहा था कि उनके हाथ-पैर बंधे हुए मिले। बदमाशों ने मंदिर का कीमती सामान भी लूट लिया था। इस घटना की दुनियाभर में निंदा हुई थी। इन दावों को खारिज करते हुए चीफ एडवाइजर्स प्रेस विंग फैक्ट्स ने रविवार को अपने आधिकारिक फेसबुक पेज में इस्कॉन बांग्लादेश के अधिकारियों और नाटोर पुलिस से मिली जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि यह हत्या संभवतः डकैती के प्रयास के कारण हुई। एजेंसी

## गाजा पर इस्राइली हमलों में पांच बच्चों समेत 20 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी पर शनिवार रात से लेकर रविवार सुबह तक हुए इस्राइली हमलों में कम से कम 20 फलस्तीनी मारे गए। इनमें पांच बच्चे शामिल हैं। एक स्कूल पर हुए इस्राइली हमले में तीन बच्चों समेत आठ लोग मारे गए।

उधर, इस्राइली सेना ने दावा किया है कि उसने हमास के ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। स्कूल में हमास के लड़ाके छुपे हुए थे। अल अस्का शहीद अस्पताल के अनुसार, दीर अल-बलाह के मध्य शहर पर हुए हमले में कम से कम आठ फलस्तीनी मारे गए। इनमें तीन महिलाएं व दो बच्चे शामिल हैं। खान यूनिस में रविवार को हुए हमले में फलस्तीनी दंपती की मौत हो गई। एजेंसी


अपनों को खोने के बाद विलाप करती महिलाएं।

**यमन से तेल अवीव पर दागा रॉकेट, 16 घायल**
यमन ने इस्राइली शहर तेल अवीव पर एक रॉकेट दागा, जिसमें16 लोग घायल हो गए। हूती विद्रोही हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस्राइल पर हमले कर रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल के जरिये सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया।

**इस्राइल का पोप फ्रांसिस को जवाब, आतंकियों का बच्चों को ढाल बनाना है क्रूरता :** इस्राइली विदेश मंत्रालय ने पोप फ्रांसिस की तरफ से गाजा पर हो रहे इस्राइली हमलों को क्रूरता बताए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने पोप को जवाब देते हुए कहा, आतंकियों का बच्चों को ढाल बनाकर इस्राइली बच्चों की हत्या करना भी क्रूरता है।

B.C. HASARAM & SONS
ayurvedic pharmacy
65
दर्द से राहत पाने का सबसे आसान और प्रभावी तरीका!
65 वर्षों से हरिद्वार में निर्मित भारत का प्रसिद्ध


HELPLINE: 70373-74184, 72172-66778
Super stockiest: Delhi : Kiran Pharmaceuticals - 9968017790, 011-45458820

## भारतीय सेना के उप प्रमुख ने वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति मिन्ह को दी श्रद्धांजलि

**हनोई।** भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि हनोई में वियतनाम पीपुल्स आर्मी की 80वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह को हनोई में उनके मकबरे पर श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय ने सोशल मीडिया पर एक बयान में यह जानकारी दी। हो ची मिन्ह एक क्रांतिकारी और एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने वियतनाम की स्वतंत्रता और इसकी पहचान को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बता दें कि उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि 19 से 21 दिसंबर तक वियतनाम की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर थे। एजेंसी

Bharat Nivesh
YOUNG MINDS
ESSAY COMPETITION
Make your mark!
Participate in the all India essay writing competition and win exciting prizes.
Essay Topic
Importance of Financial Literacy for a Viksit Bharat
For school students of standard 8th to 12th
Last date for submission: 31st January 2025
To participate scan here
or visit https://bharat-nivesh.com

MUTUAL FUNDS Sahi Hai
www.mutualfundssahihai.com | Follow us on:
In association with: Dainik Bhaskar GROUP | हिन्दुस्तान
Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

## यूक्रेन ने रूस के प्रमुख तेल डिपो को बनाया निशाना

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के एक अहम तेल डिपो पर रविवार को ड्रोन हमला किया। रूस की ऊर्जा शृंखला को ध्वस्त करने के प्रयासों के तहत यूक्रेन की तरफ से किया गया यह हफ्ते भर के भीतर दूसरा हमला है। दक्षिणी ओर्योल के गवर्नर एंड्रेय क्लाइचकोव ने टेलीग्राम संदेश में बताया कि स्टैलनोय कॉन तेल टर्मिनल में यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद आग धधक उठी। उन्होंने बताया कि यूक्रेन की तरफ से क्षेत्र में भेजे 20 ड्रोन को पता लगाकर नष्ट कर दिया गया। तेल डिपो में लगी आग को भी थोड़ी देर बाद बुझा दिया गया। एक मीडिया प्रतिष्ठान की तरफ से साझा किए गए हमले के वीडियो में तेल डिपो से आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं। एजेंसी

## अमेरिकी मॉल में घुसा ट्रक, 5 घायल, चालक को पुलिस ने किया ढेर

**किलीन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में पुलिस ने उससे भागकर माल में घुसे पिकअप ट्रक चालक को मार गिराया। इस दौरान पांच लोग घायल हो गए। पुलिस से भाग रहा यह पिकअप ट्रक चालक टेक्सास में जेसीपीनी स्टोर के दरवाजे से तेजी से गुजरा और एक भरे मॉल में घुस गया।

टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक सेफ्टी के सार्जेंट ब्रायन वाशको के मुताबिक, ट्रक शनिवार शाम करीब 5.30 बजे किलीन में डिपार्टमेंट स्टोर से टकराया। यह स्टोर राज्य की राजधानी ऑस्टिन से लगभग 109 किलोमीटर उत्तर में है और उसकी इमारत में घुसता चला गया। इससे लोग चोटिल हो गए। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं ने मॉल से चार घायलों को इलाके के अस्पतालों में पहुंचाया और एक अन्य को अलग से अस्पताल ले जाया गया। एजेंसी

आयुर्वेदिक प्राकृतिक समाधान

प्रश्न: मेरी उम्र 62 वर्ष है, मुझे पेशाब में जलन व रूक-रूक कर आ रही है, कृपया आयुर्वेद दवा बताने की कृपा करें? – विनोद, अम्बेडकर नगर
उत्तर: आप बैद्यनाथ प्रोस्ट-एड 2 गोली 2 बार एवं बैद्यनाथ पथरीना सीरप 10 मिली. तीन बार लें, पानी ज्यादा पीयें, साथ ही बैद्यनाथ गोक्षुरादि गुग्गुल की 2 गोली जल के साथ लें एवं वैद्यजी के सम्पर्क में रहें।

प्रश्न: मेरी उम्र 61 साल की है, मुझे घुटनों में बहुत दर्द होता है जोकि पैर के तलवे तक पहुंचता है, कोई आयुर्वेदिक समाधान बताएं? – श्रीपत, जीन्द
उत्तर: आप बैद्यनाथ टैबलेट स्वर्ण महायोगराज गुग्गुलु 1 सुबह-शाम लें, बैद्यनाथ टैबलेट आर्थो 2 गोली बैद्यनाथ दशमूल क्वाथ 20 मिली. समान जल के साथ लें, साथ ही प्रभावित स्थान पर बैद्यनाथ आर्थो ऑईल से हल्के हाथों से लगाएं।

प्रश्न: वैद्यजी नमस्कार, मेरी उम्र 35 साल है, मुझे बहुत दिनों से कब्ज बनी हुयी है गुदामार्ग में दर्द व खुजली भी हो रही है, कोई आयुर्वेदिक समाधान बताएं? – हेमेन्द, आगरा
उत्तर: आप बैद्यनाथ लिवरेक्स 2 गोली एवं बैद्यनाथ पायराइड 2 टैबलेट सुबह, दोपहर, शाम, साथ ही रात में सोते समय 2 गोली बैद्यनाथ विरेचनी टैबलेट गुनगने जल से लें तथा तला-भुना, गरिष्ठ एवं वासी भोजन न करें।

प्रश्न: मेरी उम्र 45 साल है, वैद्यजी मुझे इस सीजन में शरीर में खुजली होने लगती है तथा शरीर पर लाल रंग के गोल चकत्ते होने लगते है कोई आयुर्वेदिक उपचार बतायें? – मनोज, लखीमपुर
उत्तर: आप बैद्यनाथ रक्तशोधक बटी 2-2 टैबलेट सुबह शाम, बैद्यनाथ रक्तशोधक सिरप 2-2 चम्मच सुबह दोपहर व शाम व बैद्यनाथ सर्वदोषांतक गुटिका 2-2 गोली सुबह शाम एवं 2-2 कैप्सूल नीमविन कैप्सूल (स्किन सेज) गुनगुने जल के साथ लें तथा बैद्यनाथ चर्मरोगारि मलहम खुजली वाले स्थान पर नीम के पानी से धोकर लगायें। तला भुना खाना, खट्टे पदार्थ न खाएं व ठण्डा गर्म वातावरण से बचें।

प्रश्न: वैद्यजी को सादर प्रणाम, मुझे खट्टी डकार, सीने में जलन व बार-बार मल त्यागने की इच्छा होती है, कृपया कोई उपाय बताऐं? – रविन्द्र, दिल्ली
उत्तर: चाय, काफी, अण्डा, मीट व तले भुने पदार्थ न लें, दिन भर में 3 लीटर पानी पियें फलों का सेवन ज्यादा करें, बैद्यनाथ अम्लपित्तांतक योग 1 गोली चबाकर सुबह-शाम पानी से लें, बैद्यनाथ अमीबिका टैबलेट व बैद्यनाथ लिवरेक्स टैबलेट 2-2 गोली सुबह-शाम छाछ के साथ लें।

प्रश्न: वैद्यजी नमस्कार, मेरी उम्र 33 साल है, शारीरिक दुर्बलता है, आयुर्वेदिक उपाय बताएँ? – विशाल, हल्द्वानी
उत्तर: आप रोज सुबह-शाम एक चम्मच बैद्यनाथ अश्वगंधादि चूर्ण एवं शिलाजीत कैप्सूल 1 और बैद्यनाथ स्वर्ण मकर-डी की 1 गोली दूध से लें साथ ही पौष्टिक आहार लें।

प्रश्न: वैद्यजी नमस्कार, मेरी उम्र 35 साल है, मेरे हाथों में सूजन रहती है, जोड़ों में दर्द व जकड़न हो जाती है सुबह के समय चलना भी बहुत मुश्किल होता है, कोई आयुर्वेदिक समाधान बताएं? –चन्दा देवी, गुरुग्राम
उत्तर: आप बैद्यनाथ वातरीना टैबलेट 2 गोली, 1 गोली पेनविन टैबलेट तथा बैद्यनाथ स्वर्ण महायोगराज गुग्गुलु 1 गोली सुबह-शाम जल के साथ और बैद्यनाथ दशमूलारिष्ट व बैद्यनाथ पूनर्नवारिष्ट 20 मिली. समान जल मिलाकर भोजन के बाद लें।

प्रश्न: वैद्यजी नमस्कार, मुझे एलर्जिक खांसी है, गले में सारा दिन खराश रहती है व जुकाम भी है, 10-20 छींके आ जातीं हैं, कोई आयुर्वेदिक समाधान बताएं? – वीरेन्द, औरैया
उत्तर: सर्व प्रथम स्टीम इन्हिलेशन लें, तथा बैद्यनाथ महा लक्ष्मी विलास रस 1-1 गोली शहद के साथ सुबह-शाम पीसकर लें, बैद्यनाथ जुकामों सीरप को 2 चम्मच गर्म पानी में डालकर दिन में तीन बार लें, साथ ही 1 गोली बैद्यनाथ हरिद्रा टैबलेट गुनगुने जल के साथ लें, ठण्डी व खट्टी चीजों का परहेज करें।

उपरोक्त चिकित्सा रोगियों के लक्षणों के आधार पर दी गई है, औषधियों का प्रयोग चिकित्सक की देखरेख में करें।
वैद्य सचिन जैन, रजि. न. 54856
वैद्य शैशव कुमार, रजि. न. 50661
डाक्टर परामर्श: 1: 172, गुसाईपुरा, झांसी
2: ए-31, लिंक रोड, लाजपत नगर-3, दिल्ली
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक
Call: 1800-102-8384, 01145700912



बढ़ी हुई ब्लड शुगर को प्रबन्धन करने में लाभकारी
*See Pack For More Information
प्रायोजित
बैद्यनाथ झांसी . 1917 असली आयुर्वेद
Diabetic Care
Email: contact@baidyanath.co.in
Web: www.baidyanath.co.in

TATA.ev FESTIVAL OF CARS Only 9 days left
TATA
get a TATA.ev at the cost of — petrol and diesel cars
Drive home India's safest and most trusted EVs before prices rise from 1st January 2025 onwards.

Punch.ev-India's safest car
- acti.ev pure EV architecture
- P1 + P2 (ARAI range): 365 km#
  C75 (real-world range): 270 – 290 km^^
- 26.03 cm HD Infotainment by HARMAN with Arcade.ev^ app suite
- 360° Camera

New price starts at ₹9.99 Lakh*
Additional benefits up to ₹96,000*




Tiago.ev
- Plush leatherette seats
- P1 + P2 (ARAI range): 275 km#
  C75 (real-world range): 190 – 210 km^^
- DC fast charging in 58 mins**
- 50,000+ happy customers

Price starts at ₹7.99 Lakh*
Additional benefits up to ₹1.3 Lakh*

BNCAP 5-star safety rating
1,80,000+ happy TATA.ev customers | 4 billion+~ km driven in India | Growing network of 13,500+ public chargers across India### | Complimentary and immediate home charger installation***
Starting EMI as low as ₹6499++ | Up to 100% on-road financing* | Special offers available for select corporates
book TATA.ev | To know everything about EVs call +91 92402 92401 or visit ev.tatamotors.com | Visit a TATA MOTORS showroom now.
TATA.ev
RTO free for DL, UK and UP customer on limited stock. Upto 1 lakh additional subsidy in UP

EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SECTOR 14, GURUGRAM: 9167161897; EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SOHNA ROAD, GURUGRAM: 9167518627
NORTH DELHI: ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. WEST DELHI: JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTI NAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. DWARKA SEC-5: AUTOVIKAS: 7506019416. DWARKA SEC-20: AUTOVIKAS: 9619023842. CENTRAL DELHI: CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. SOUTH DELHI: OKHLA: TREO AUTO: 7506019457. SAFDARJUNG ENCLAVE: TREO AUTO: 7506019454. NEHRU PLACE: TREO AUTO: 7506019457. SAKET: TREO AUTO: 7506019454. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ : SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. GURUGRAM: EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SECTOR 14, GURUGRAM: 9167161897; EXCLUSIVE TATA.EV STORE, SOHNA ROAD, GURUGRAM: 9167518627 NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. FARIDABAD: BPTP: MULTITECH MOTORS: 8291291325. SEC-27A: MULTITECH MOTORS: 7506019846. YMCA CHOWK: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MULTITECH MOTORS: 7506019846. HODAL: MULTITECH MOTORS: 8291518205. GHAZIABAD: PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and illustrations are indicative and for information purpose only. All feature / specifications mentioned may vary from model to model and may not be available across all personas / variants. Features and specifications are subject to change without prior information. Please consult an authorized Tata Motors dealer for latest information on features / specifications before deciding to place an order. Colours may not match actual colours due to printing limitations. *Offer on Punch.ev valid till 31st December 2024 and till stock last. *Offer on Tiago.ev valid till 31st December 2024 and till stock last. Benefits up to amount differs from model to model and is inclusive of consumer offer, exchange bonus and maximum corporate offer. All offers are valid till 31st December 2024 or till stocks last. ++EMI calculated is based on flexi scheme of ₹809 per lac installment for 6 months.The subsequent EMIs after 6 months will be higher. The final EMI and funding decision will be at the sole discretion of the Financier. ^Linked with active iRA.ev subscription. ■Benefits available from multiple financiers. ~Based on internal calculation. ###As per internal data provided by charging point operators. ***For terms and conditions refer to ev.tatamotors.com. ♦Applies to TATA Punch.ev based on its 2024 BNCAP safety scores. Based on sales performance of Punch.ev and Tiago.ev respectively, as the top two selling EVs in the country in the FY25. #ARAI Certified Urban + Extra Urban (MIDC Part 1 + Part 2) under standard testing conditions, actual performance figures may vary depending on various conditions including driving pattern, etc. Under certification> Estimated. ^^Estimated real world range as per internal reference. **Under test ambient conditions. *Offer valid for a limited period till stocks last. All India ex-showroom price. Terms & conditions apply.